आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 23 अप्रैल 2023 ■ वैशाख शुक्ल पक्ष -4 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-025 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 24 अप्रैल 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### तालाब के पास मिला ग्रामीण का शव

**बलौदाबाजार,23 अप्रैल।** ग्राम हसुवा बलौदा में बंधई तालाब के पास खेत में एक बुजुर्ग ग्रामीण का शव मिला है. लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई है. मृतक का नाम फगुलाल पटेल, पिता जगे पटेल बताया जा रहा है. मृतक के सिर पर गहरे चोट के निशान हैं. पुलिस इस पर हत्या की आशंका जता रही है. लाश मिलने की सूचना पर गिधौरी पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जांच शुरू की. अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वजह का पता चल सकेगा. फिलहाल गिधौरी पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### वित्त मंत्री ने किया बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली,23 अप्रैल।** 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने व्यक्तिगत आयकर में बदलाव की घोषणा की थी. निर्मला सीतारमण ने घोषणा की थी कि सरकार के जरिए लगाई गई नई टैक्सेशन व्यवस्था वित्तीय वर्ष 2023-24 से डिफॉल्ट होगी. नई व्यवस्था के तहत 7 लाख रुपये सालाना की इनकम पर टैक्स छूट हासिल हो सकती है. वित्त मंत्री के जरिए नई आयकर व्यवस्था के तहत छूट बढ़ाने के बाद 7 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले करदाताओं को करों में 33,800 रुपये की बचत होगी. नए टैक्स रिजीम में कुछ लाभ मिलते हैं लेकिन इसमें किसी इंवेस्टमेंट पर छूट हासिल नहीं होती है. हालांकि नए टैक्स रिजीम में स्टैंडर्ड डिडक्शन को जरूर जोड़ा गए है. वहीं अगर आपको इंवेस्टमेंट पर या अन्य छूट चाहिए तो पुराने टैक्स रिजीम के हिसाब से टैक्स दाखिल करना होगा. पुराने टैक्स रिजीम में कई छूट हासिल होती है.

### स्टेशन में मिली अधजली लाश

**तिल्दा,23 अप्रैल।** तिल्दा स्टेशन में लाश मिलने से हड़कंप मच गया है। लाश आधी जली हुई है। अज्ञात युवक का शव देखकर आस-पास के लोग दहशत में आ गए। बताया जा रहा है कि रेलवे माल धक्का के पास अज्ञात युवक का शव मिला है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा कर लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल अज्ञात शख्स की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पहचान होते ही परिजनों को सूचना दी जाएगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि शव को देखकर प्रथम दृष्टया हत्या का मालूम हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसका खुलासा होगा। घटना के बाद पुलिस ने आसपास के थानों को भी सूचना दे दी है ताकि जल्द से जल्द शव की शिनाख्त हो सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कनाडा के टोरंटो एयरपोर्ट से 121 करोड़ का सोना चोरी

**कनाडा,23 अप्रैल।** कनाडा के सबसे बड़े टोरंटो इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बड़ी सेंधमारी हुई है. 17 अप्रैल देर शाम एयरपोर्ट पर एक स्पेशल कंटेनर पहुंचा था, जिसमें 14.8 मिलियन डॉलर (121 करोड़ रुपये) का सोना और दूसरे कीमती सामान थे. इन सामानों को एक कंटेनर में रखा गया था. इसके तीन दिन बाद पता चला कि पूरा कार्गो ही चोरी हो गया है. सूचना मिलते ही कनाडा पुलिस की हवाईयां उड़ गई. मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है.

# अमृतपाल ने किया आत्मसमर्पण

■ पुलिस ने कहा-गुरुद्वारे से किया गया गिरफ्तार

■ डिब्रूगढ़ जेल ले जाया जाएगा,पंजाब पुलिस अलर्ट पर, अब एनआईए और आईबी करेगी पूछताछ



**चंडीगढ़,23 अप्रैल।** खालिस्तानी अलगाववादी अमृतपाल सिंह को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने के बाद रविवार को पंजाब के मोगा जिले से गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले में पंजाब पुलिस का कहना है कि पंजाब पुलिस की टीम को विशेष सूचना मिली थी कि अमृतपाल सिंह रोडे गांव में है, उसे घेर लिया गया था और उसके फरार होने की कोई गुंजाइश नहीं थी। उसके खिलाफ एनएसए के तहत गिरफ्तारी की गई है।

अमृतपाल सिंह के खिलाफ रासुका के तहत वारंट जारी किए गए, इन्हें आज सुबह तामील किया गया है। पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक सुखचैन सिंह गिल का कहना है कि पंजाब पुलिस ने मोगा जिले के रोडे गांव से सुबह छह बजकर 45 मिनट पर अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। वारिस पंजाब दे के प्रमुख को अब डिब्रूगढ़ जेल ले जाया जाएगा जहां उसके अधिकतर साथी बंद है। यहां अमृतपाल से एनआईए और आईबी की टीमें पूछताछ करेंगी। जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार ऐसा माना जा रहा है। बता दें कि अमृतपाल सिंह को पूरे 36 दिनों की लंबी भागदौड़ के बाद पकड़ा गया है। उसे मोगा स्थित एक गुरुद्वारे से हिरासत में लिया गया है। अमृतपाल सिंह के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) लगाया गया है और गैर-जमानती वारंट जारी किया गया है, वह 18 मार्च से बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान के बावजूद फरार था। इसके बाद से ही अमृतपाल लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। वो जालंधर से मोटरसाइकिल से भाग गया था। जानकारी के मुताबिक अमृतपाल सिंह की पत्नी किरणदीप कौर को भी गुरुवार को अमृतसर हवाई अड्डे पर रोका गया था। उसे देश से बाहर जाने के लिए बर्मिंघम की फ्लाइट में बैठने की अनुमति नहीं दी गई थी। कौर को हिदायत दी गई थी कि वो पुलिस को बताए बिना देश से बाहर ना जाए। बता दें कि अमृतपाल को मोगा से बठिंडा एयरपोर्ट से स्पेशल विमान के जरिए असम की डिब्रूगढ़ जेल भेजा गया है। पंजाब पुलिस के आईजी के मुताबिक केंद्रीय एजेंसियों के साथ संयुक्त ऑपरेशन के बाद अमृतपाल की गिरफ्तारी हुई है। पंजाब के तमाम विभाग 4 इंटेलिजेंस विंग, सब एक-दूसरे के साथ मिलकर काम कर रहे थे।

### मेरे बेटे के मिशन को आगे बढ़ाएं

भगोड़े अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी का विरोध शुरू हो गया है. खालिस्तानी समर्थक के पिता तरसेम सिंह ने पंजाब पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं. आरोपी के पिता का कहना है कि उनका बेटा पंजाब में नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा था. गुरु साहिब की सोच थी कि पंजाब नशे से रहित होना चाहिए. अब उन्होंने सिख संगत से अपील की है कि पंजाब को नशामुक्त करने के उनके बेटे अमृतपाल के मिशन को आगे बढ़ाया जाना चाहिए. उधर, अमृतपाल के चाचा ने अपने बयान में कहा कि उन्हें रविवार सुबह ही पता चला कि अमृतपाल ने आत्मसमर्पण कर दिया है. हम सोच रहे थे कि वह पुलिस के पास ही है. अमृतपाल ने फरारी के दौरान कभी भी परिवार के साथ संपर्क नहीं किया था.





# डेमू ट्रेन में आग, 2 कोच व इंजन जले

**इंदौर,23 अप्रैल।** मध्य प्रदेश के रतलाम से बड़ी खबर सामने आई है। यहां आज यानी रविवार सुबह एक ट्रेन के दो कोच में भीषण आग लग गई। आग से ट्रेन की दो बोगियां जलकर राख हो गईं। गनीमत रही कि जिन दो बोगियों में आग लगी, उनमें कोई यात्री नहीं बैठा था। दोनों बोगियां खाली थीं। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा दिया, जिससे आग अन्य बोगियों में नहीं फैल पाई। बताया जा रहा है कि सुबह 6.35 पर रतलाम से डेमू ट्रेन इंदौर के लिए रवाना हुई थी। जब ट्रेन प्रीतम नगर स्टेशन के पास पहुंची तो अचानक से उसके दो कोच में आग लग गई। आग लगी देख यात्रियों ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर और थाना पुलिस-फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

फायर ब्रिगेड ने ट्रेन से सभी यात्रियों को बाहर निकाला और आग बुझाने का काम शुरू किया। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक ट्रेन के दो कोच जलकर राख हो चुके थे। गनीमत रही कि इन दोनों कोचों में कोई यात्री बैठा नहीं था। इस वजह से जानमाल का नुकसान होने से बच गया। घटना की जानकारी होने पर डीआरएम रजनीश अग्रवाल मौके पर पहुंच गए। रजनीश अग्रवाल ने घटनास्थल पर हालात का जायजा लिया।

डीआरएम रजनीश अग्रवाल ने बताया कि जैसे ही ट्रेन में आग लगने की जानकारी मिली, तुरंत आसपास के फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर बुला लिया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। यात्रियों को ट्रेन से नीचे उतार दिया गया है। जल्द ही ट्रेन के दोनों जले कोचो को निकालकर आगे के लिए रवाना किया जाएगा।

डीआरएम रजनीश अग्रवाल ने बताया कि आग किस वजह से लगी है, इसका कारण अभी साफ नहीं हो पाया है। ये जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि आग किस वजह से लगी है। हादसे के बाद अपने गंतव्य स्थान पर जाने को लेकर कुछ यात्री परेशान थे। यात्रियों के लिए बस और प्राइवेट वाहनों की व्यवस्था की जा रही है।

# दम है तो डीकेएस और माफियाओं पर बुलडोजर चलवाकर दिखाएं : कांग्रेस



**रायपुर,23 अप्रैल**

पूर्व मंत्री और बीजेपी विधायक बृजमोहन अग्रवाल के बुलडोजर वाले बयान पर सुशील आनंद शुक्ला ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि बीजेपी के पास मुद्दे नहीं हैं. वे दूसरे राज्यों के मुद्दे चुराते हैं. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में खुफिया डॉन जैसा कोई नहीं है. उन्हें (बीजेपी) इतना बुलडोजर चलाने का शौक है तो उनके कलेजे में दम है तो डीकेएस पर, जमीन और सड़क माफियाओं पर बुलडोजर चलवाएं. छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं, इसके चलते सत्ताधारी दल कांग्रेस हर मोर्चे पर प्रभावशील कार्य करने की रणनीति बना रही है. लोगों तक राज्य शासन के काम की जानकारी पहुंचे इसके लिए पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती. इसी के तहत मिशन 2023 में कांग्रेस सोशल मीडिया के जरिए प्रचार प्रसार करने की रणनीति पर काम कर रही है.छत्तीसगढ़ कांग्रेस के मीडिया प्रभारी सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सोशल मीडिया एक प्रभावी माध्यम है. इसे हम बूथ स्तर पर ले जाने की कार्ययोजना बना रहे हैं. इसके लिए ब्लॉक और मंडलों में सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं की नियुक्ति भी कर दी गई है. अंतिम छोर तक कांग्रेस का काम पहुंचे यही रणनीति बनाई जा रही है. इसके साथ ही निष्क्रिय लोगों को सक्रिय करने की योजना बनाएंगे. प्रशिक्षण शिविर के जरिए सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा.

# आधी रात तक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा

**मुंगेली,23 अप्रैल।** कलेक्टर राहुल देव ने दोपहर 2 बजे से रात 12 बजे तक करीब 10 घंटे तक शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की गहन समीक्षा की. बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से उनके द्वारा किए जा रहे विभागीय कामकाज के संबंध में जानकारी ली. इस दौरान कई अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्यों का ठीक से जवाब नहीं दे पाने पर कलेक्टर ने जमकर फटकार लगाई और कहा कि आपलोगों को जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें. इसमें लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

### जिम्मेदारों को जमकर फटकार, 1 निलंबित

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के आवक-जावक शाखा में कार्यरत सहायक ग्रेड 3 अमितेश केशरवानी को कार्य में लापरवाही बरतने पर तत्काल हाथों-हाथ निलंबित लेटर थमाया. वहीं छात्रवृत्ति योजना में गंभीरतापूर्वक कार्य नहीं करने पर कलेक्टर दर पर कार्यरत कर्मचारी अमन पाठक को ठीक से कार्य करने के लिए अंतिम चेतावनी दी. समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने नवीन शिक्षा सत्र में जिले के सभी शासकीय स्कूलों में आवश्यक तैयारी और व्यवस्था, आगामी सत्र में निःशुल्क गणवेश (यूनिफॉर्म) और पाठ्यपुस्तक वितरण, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति के लंबित प्रकरण, खाता सत्यापन और खाता में सुधार और पोर्टल अपडेट की अद्यतन स्थिति, जर्जर स्कूल भवनों का मरम्मतीकरण, शिक्षा के अधिकार के तहत लक्ष्य के अनुरूप स्कूलों में विद्यार्थियों का प्रवेश, निःशुल्क सायकल वितरण, जाति प्रमाण पत्र, महतारी दुलार योजना के तहत छात्रवृति, विकासखंडवार स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों की संख्या, जिले में संचालित बालवाड़ी, उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम और हिंदी माध्यम स्कूल, दिव्यांग और शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन, समावेशी शिक्षा, विद्यांजलि पोर्टल पर पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, स्कूली बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण, स्मार्ट क्लास, मदरसा, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का जिले में क्रियान्वयन आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए. कलेक्टर ने शासन की महत्वाकांक्षी स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी पारदर्शितापूर्वक हो. उन्होंने कहा कि यह शासन की महत्वकांक्षी योजना में से एक है और इस योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.



# ट्रक और बस में टक्कर, 4 लोगों की मौत

**महाराष्ट्र,23 अप्रैल।** पुणे में शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात एक बड़ा हादसा हो गया है। महाराष्ट्र के पुणे जिले में एक ट्रक ने एक बस को टक्कर मार दी, जिससे चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं, 18 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा मुंबई-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक मंदिर के समीप शनिवार देर रात करीब 2 बजे हुई है। पुलिस ने बताया कि सातारा से ठाणे के डोम्बिवली जा रही निजी यात्री बस जब स्वामीनारायण मंदिर के समीप पहुंची तो पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में बस में सवार तीन यात्रियों और ट्रक चालक की मौत हो गयी. जबकि 18 यात्री घायल हो गए। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि ट्रक चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था जिसके कारण ट्रक बस से टकरा गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद पीएमआरडीए से 1 रेस्क्यू वैन सहित कुल 7 अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर घायलों को बचाया।

# सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों को हुआ कोरोना

**नई दिल्ली,23 अप्रैल।** देशभर में कोरोना के मामलों में तेजी से उछाल दर्ज किया गया है। वहीं सुप्रीम कोर्ट के पांच जज भी कोरोना संक्रमित हो गए हैं। ऐसे में दो जज ऐसे भी हैं जो कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं। सोमवार को इस मामले में सुनवाई होनी थी लेकिन अब इसे टाल दिया गया है। पांच जजों की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी। अन्य मामलों की सुनवाई भी प्रभावित होगी। सूत्रों के मुताबिक कोरोना संक्रमित होने वाले जजों में जस्टिस एस रवींद्र भट्ट, जस्टिस अनिरुद्ध बोस, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस जेबी पारदीवाला शामिल हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले जस्टिस सूर्यकांत को भी कोरोना हो गया था। हालांकि अब वह संक्रमण मुक्त हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक ज्यादा संभावना सुनवाई टलने की ही है। वहीं अगर जज वर्चुअल सुनवाई करना चाहें तो कार्यवाही जारी भी रह सकती है। बता दें कि इससे पहले गुरुवार को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने के मामले की सुनवाई लगातार चलेगी। सोमवार से शुक्रवार तक इसकी सुनवाई की जाएगी। हालांकि अब जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस रवींद्र भट के संक्रमित पाए जाने की वजह से इसे 24 अप्रैल तक के लिए टाला जाता है। बता दें कि इस संवैधानिक पीठ में इन दो जजों के अलावा सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट में 20 याचिकाओं पर सुनवाई हो रही है। वहीं केंद्र सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए महिला पुरुष के अलावा किसी भी विवाद संबंध को मंजूरी ना देने की बात कही है।

### समलैंगिक विवाह मामले की सुनवाई टली





# अब भारत में होगा वाटर मेट्रो का शुभारंभ

**नई दिल्ली,23 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अप्रैल को केरल को वाटर मेट्रो की सौगात देंगे. पीएम मोदी राष्ट्र को पहली वाटर मेट्रो सौपेंगे. काफी लंबे समय बाद इस मेट्रो को हरी झंडी मिली है. वाटर मेट्रो पटरियों पर नहीं बल्कि पानी पर दौड़ेगी. प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट के लिए 23 वाटर बोट्स और 14 टर्मिनल होंगे, जिनमें से चार टर्मिनल पूरी तरह से शुरू किये जा चुके हैं. बता दें कि भारत ही नहीं बल्कि पूरे एशिया में पहली बार वाटर मेट्रो चलाई जा रही है. रविवार को आधिकारिक तौर पर जानकारी देते हुए बताया गया कि इस सेवा की शुरुआत होने से शहर के लोगों के आवागमन में आसानी होगी. वाटर मेट्रो कोच्चि जैसे शहर में काफी उपयोगी है. यह यात्रा में आसानी के साथ एक कम लागत वाली मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम साबित होने वाला है. यह कोच्चि और उसके आसपास के 10 द्वीपों को जोड़ने वाली केरल की महत्वाकांक्षी परियोजना है. कोच्चि केरल में सबसे घनी आबादी वाले जिलों में से एक है और इस तरह यातायात की भीड़ को कम करने और कोच्चि झील के किनारे आसानी से पहुंचने के लिए परिवहन के नए तरीके की परिकल्पना की गई है. वाटर मेट्रो परियोजना 78 किलोमीटर तक फैली है और 15 मार्गों से होते हुए जाएगी. केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने 'कोच्चि वाटर मेट्रो' को राज्य की 'महत्वाकांक्षी परियोजना' करार दिया, जो बंदरगाह शहर कोच्चि के विकास और वृद्धि को गति देगी. मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अप्रैल को यहां एक कार्यक्रम में कोच्चि वाटर मेट्रो (केडब्ल्यूएम) सेवा की शुरुआत करेंगे.

# गौरवमयी विकास यात्रा में आगे बढ़ रहा वाराणसी

**वाराणसी,23 अप्रैल।** संसार के प्राचीनतम बसे शहरों में से एक और भारत का प्राचीनतम बसा शहर है। इसे 'बनारस' और 'काशी' भी कहते हैं। हिन्दू धर्म में सर्वाधिक पवित्र नगरों में से एक माना जाता है। वाराणसी में सुख और समृद्धि का एक और अध्याय जुड़ गया है। बीते 24 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान शिव की नगरी वाराणसी पहुंचे थे। यहां उन्होंने काशी के विकास के लिए 1780 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। पीएम मोदी ने यहां से एक हजार साल से अधिक पुरानी 'तपेदिक' बीमारी के खात्मे के लक्ष्य की प्रतिबद्धता दोहराई और वन वर्ल्ड टीबी शिखर सम्मेलन के जरिये वैश्विक भलाई का भी संकल्प लिया। पिछले नौ वर्षों में टीबी मुक्त भारत के प्रयासों पर विश्व समुदाय ने प्रशंसा करने के साथ यह विश्वास भी जताया कि भारत 2025 तक टीबी को समाप्त कर देगा।

हाल ही में वाराणसी के रुद्राक्ष कनेवेंशन सेंटर में वन वर्ल्ड टीबी शिखर सम्मेलन के दौरान लघु टीबी निवारक उपचार (टीपीटी), राष्ट्रीय स्तर पर टीबी मुक्त पंचायत की आधिकारिक शुरुआत, टीबी के लिए परिवार पर केंद्रित देखभाल मॉडल और भारत की वार्षिक टीबी रिपोर्ट 2023 जारी करने सहित कई तरह की शुरुआत की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड टीबी शिखर सम्मेलन को संबोधित करने के साथ ही राष्ट्रीय रोग नियंत्रण और उच्च रोकथाम प्रयोगशाला केंद्र की आधारशिला रखी। टीबी जैसी




गंभीर बीमारी को रोकने के उद्देश्य से चलाए जा रहे स्टॉप टीबी की कार्यकारी निदेशक डॉ. लुसिका दितीयू ने वन वर्ल्ड टीबी शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत पर टीबी का बहुत अधिक बोझ है। भारत आज अपनी सर्वश्रेष्ठ योजना, महत्वकांक्षा और कर्मठता के बल पर टीबी को समाप्त करने की राह पर है जो कि सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। डॉ. लुसिका दितीयू ने विश्वास जताया कि भारत 2025 तक खुद के सहयोग से टीबी को समाप्त कर देगा। उन्होंने पीएम मोदी से न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान 22 सितंबर 2023 को टीबी पर होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध भी किया। इस शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने अपने संबोधन में टीबी के मरीजों के लिए नि क्षय मित्र अभियान की चर्चा की। उन्होंने बताया कि लगभग 10 लाख टीबी मरीजों को नागरिकों के लिए गोद लिया गया है। भारत ने वर्ष 2014 के बाद से टीबी से निपटने के लिए प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प के साथ खुद को अभूतपूर्व तरीके से समर्पित किया है। केंद्र सरकार ने 2018 में टीबी रोगियों के लिए योजना शुरू की जिससे 75 लाख रोगियों को लाभ हुआ और उनके खातों में 2000 करोड़ रुपये हस्तांतरित हुए है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा 'नि-क्षय मित्र अब सभी टीबी रोगियों के लिए ऊर्जा का एक नया स्रोत बन गया हैं।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार टीबी की रोकथाम के लिए छह महीने के कोर्स की जगह तीन महीने का उपचार कार्यक्रम शुरू कर रही है। पहले मरीजों को छह माह तक प्रतिदिन दवा खानी पड़ती थी लेकिन अब नई व्यवस्था में मरीज को सप्ताह में एक बार ही दवा खानी पड़ेगी।

**एक नजर**

### अमन व सलामती की दुआओं के साथ मनाया ईद उल फितर का पर्व



**भिलाई, 23 अप्रैल।** शहर में शनिवार को ईद उल फितर की रौनक रही। इस दौरान शहर की तमाम ईदगाह और मस्जिदों में नमाज़ ईद उल फितर सुबह-सवेरे अदा की गई। जिसमें नमाज के बाद दुआओं में अमन व सलामती के लिए हजारों हाथ उठे। इस मौके पर शहर में भाईचारे और सद्भाव का अनूठा माहौल देखने को मिला। विभिन्न धर्म व समुदाय के लोगों ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मस्जिदों के अलावा शहर के कब्रिस्तान में भी ईद उल फितर की रौनक रही। जहां लोग नमाज के बाद पहुंचे और अपने परिजनों की कब्र पर दुआएं की। ईद उल फितर के मौके पर शहर की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह के वक्त विशेष नमाज हुई। बड़ी तादाद में नमाजियों के पहुंचने की वजह से जिला व पुलिस प्रशासन में खास तौर पर इंतजाम किए थे। वहीं ट्रैफिक पुलिस भी व्यवस्था बनाने में तैनात रही। जामा मस्जिद सेक्टर-6 में नमाज के बाद मुल्क में अमन व सलामती की दुआएं की गई। ईदगाहों में जिनकी नमाजें छूट गई थी, उनके लिए मस्जिदों में अलग से नमाज का इंतजाम किया गया। सेक्टर-6 के अलावा ईदगाह रिसाली , ईदगाह फरीद नगर, रजा जामा मस्जिद कैम्प-2 पावर हाउस, गौसिया मस्जिद कैंप-1, हाउसिंग शेरे खुदा मस्जिद ईदगाह,अशरफी मस्जिद जोन-3 खुर्सीपार, मरकजी मस्जिद पावर हाउस कैंप-2, मरकज मस्जिद नूर सुपेला, जामा मस्जिद हुडको, मस्जिद भिलाई-3 पेट्रोल पंप के पीछे, चरोदा, कुम्हारी, जामुल सहित तमाम मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई।

### ब्रह्मलीन गुरुदेव शिवमणि ने प्रारम्भ की सप्तलोक की यात्रा

**भिलाई, 23 अप्रैल।** ब्रह्मलीन गुरुदेव शिवमणि ने 15 अप्रैल को अपने सप्तलोक की यात्रा दशमी तिथि से प्रारंभ की है। जो निराकार प्रणव में ज्योति स्वरूप में हम सभी में विद्यमान रहेंगे। इसी कड़ी में त्रयोदशी संस्कार पूजा 27 अप्रैल बृहस्पतिवार को सुबह 7 बजे से स्कंदाश्रम में रखी गई है तदुपरांत आयोजित शांति भोज में 12 बजे से प्रारम्भ होगी। स्कंदाश्रम परिसर में आगामी 27 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से वृंदावन पूजन, प्राण प्रतिष्ठा तुलसी रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है 7 तत्पश्चात स्वल्पाहार साथ ही संध्या प्रार्थना संध्या 6 बजे से 7 बजे तक होगी।

### चोरी की वजह से ग्रीन एनर्जी प्लांट के निर्माण में देरी

**भिलाई, 21 अप्रैल।** भिलाई तीन जीआरपी क्षेत्र जंजगिरी में रेलवे करीब 350 करोड़ रुपये की लागत से ग्रीन एनर्जी प्लांट का निर्माण करवा रहा है जहां पर सौर ऊर्जा से बिजली पैदा की जाएगी। प्लांट बनाने का काम लगभग पूरा हो चुका है और सोलर पैनल को केबल के माध्यम से जोड़ा जा चुका है लेकिन चोरों की हरकतों के चलते काम में देरी हो रही है। अब तक पांच बार यहां से केबल चोरी हो चुका है जिसमें से दो मामलों में आरोपितों की की जा गई थी। बता दें कि इसी साल से इस ग्रीन एनर्जी प्लांट को चालू करने की तैयारी है प्लांट से पैदा होने वाली बिजली को रेलवे तक पहुंचाया जाएगा जिसका इस्तेमाल रेल गाड़ियों के परिचालन व रेलवे कालोनी में बिजली आपूर्ति के लिए किया जाएगा प्लांट में सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं और उन्हें केबल के माध्यम से आपस में कनेक्ट भी किया जा चुका है। अंतिम चरण का काम चल रहा है लेकिन इस काम के पूर्ण होने के पहले ही यहां पर पांच बार चोरियां हो चुकी हैं बदमाश निर्माणाधीन पावर प्लांट में घुसकर केबल काटकर उसे चोरी कर रहे हैं जीआरपी ने दो बार यहां से केबल चोरी करने वाले आरोपितों को गिरफ्तार किया था पूछताछ में पता चला था कि ये आरोपित केबल चुराकर उसे कबाड़ियों के पास बेचकर नशा करते हैं आरोपितों की निशानदेही पर जीआरपी ने चोरी के केबल को भी बरामद किया था इसके बाद भी यहां पर चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है पावर प्लांट की दीवार को फांदकर बदमाश यहां पर चोरी कर रहे हैं जजगिरी में 350 करोड़ की लागत से बन रहा ग्रीन एनर्जी सोलर प्लांट बनाने का काम लगभग पूरा हो चुका है

### एकलव्य युवा संगठन के कार्यकर्ता अपने काम से बना रहे अलग पहचान



**पाटन 23 अप्रैल ।** ग्राम मर्रा के एकलव्य युवा संगठन के युवा अपने काम से अलग ही पहचान बना रहे हैं। एकलव्य युवा संगठन का हर युवा हर रविवार को श्रम दान करता है। ये युवा गांव में सफाई अभियान का कार्यक्रम करते हैं। हर किसी के जन्मदिन पर पेड़ लगाते है, गांव के दुकानदारों को डस्टबिन वितरित करते हैं। अगर किसी गरीब के घर शोक का कार्यक्रम हो तो एकलव्य युवा संगठन का प्रत्येक सदस्य चावल-सब्जी इक्कठा करके गरीबो की सहयोग करते हैं। एकलव्य युवा संगठन का उद्देश्य है की गांव के अंतिम लोगों तक उनका सहयोग करना शासन की योजनाओं को बताना जिससे की उनको ज्यादा से ज्यादा सरकार की योजनाओं का फायदा मिल सके । एकलव्य युवा संगठन के अध्यक्ष गिरधर सोनवानी बताते हैं कि उनका उद्देश्य किसी तरह का राजनीति करना नहीं है उनके संगठन का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। साफ-सफाई क प्रति जागरूक करना है जिससे की गांव के लोग स्वस्थ और बेहतर ज़िंदगी जी सके।

# टावर लगाने के नाम पर ठगी करने वाले 4 लोग गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन 23 अप्रैल।** टावर लगाने के नाम पर ठगी करने वाले 4 आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। प्रार्थी तेजेन्द्र कुमार चक्रबर निवासी खुडमुड़ी ने लिखित आवेदन पेश किया जिसमे आरोपी दीपिका मंडल द्वारा एयरटेल मोबाईल कंपनी कोलकाता से बात कर रही हूँ कहकर मुझे मेरे खेत में एयरटेल कंपनी का मोबाइल टावर लगाने के एवज में कंपनी द्वारा एडवांस में 15 लाख रूपया दिया जायेगा और टावर लगने के बाद आपको प्रति माह 20 हजार रुपये मंथली भी दिया जायेगा। उसके लिए डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिये आपको प्रोसेसिंग चार्ज के रूप में 60 हजार रूपया लगेगा जिसे आप किस्तों में दे सकते हैं। कहकर झांसा देकर प्रार्थी के साथ दिनांक 23.06.2022 को अपने मोबाइल से प्रार्थी को काल कर दिनांक 25-27-28/06/2022 तथा दिनांक 04/07/2022 को किश्तवार उनसे क्रमशः 10,260, 6000, 11,200, 32,000 कुल 59460रू का ठगी किया है जिस संबंध में प्रार्थी द्वारा लिखित आवेदन पेश करने पर थाना पाटन में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। अपराध का प्रकृति उपरोक्त पते पर रहता हू इंटर तक की पढाई किया हूँ। ग्राफिक डिजाइनर का काम करता था। मेरे पिता मंगल सिंह के नाम पर लगभग 15 एकड़ जमीन है। अन्य कोई आय का साधन नहीं है। मेरा विवाह वर्ष 2005 में सलोनी प्रिया सिंह के साथ हुआ है। में वर्ष 1999 से 2007 तक राजा राम मोहन राय सालिनी रोड कोलकाता स्थित ग्लोबल एडवर्ड कंपनी में आदित्य कुमार दास के ग्राफिक डिजाइनर का काम किया हूँ हा मुझे प्रति माह 8000 हजार रूपये वेतन मिलता था। वर्ष 2008 में सिक्यूरिटी इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड में वर्ष 2017 तक ग्राफिक डिजाइनर का काम किया हूँ जहां मुझे प्रति माह 22500 रुपये वेतन मिलता था इसके बाद सिक्योरिटी प्राईवेट लिमिटेड का काम छोड़ कर कुछ दिन ऐवर फेस मार्केटिंग प्राइवेट कंपनी के आड़ में टावर लगाने के नाम पर चल रहे टगी कार्य में काम किया तथा इसके बाद विनायक इन्फोटेक कंपनी और मंडल इन्टरप्राईजेस में भी कुछ दिन जुड़कर ठगी कार्य सीखा और पूरी तरह से कार्य सीखने बाद वर्ष 2018 में मैं स्वयं का ठगी कार्य प्रारंभ किया। इसके बाद में काम करने के लिये लोगों को जोड़ते गया। लोगों से में काम करने के लिए उनका बायोडाटा फोटो सहित लेता था में वर्ष 2021 में सुभाष नगर में सुपर मार्केट के पास स्थित अतानू भट्टाचार्य के मकान के प्रथम तल में एक कमरा ए-15 को कॉल सेंटर चलाने के लिए 7000 रू. में किराये पर लेकर एयरटेल कंपनी का खबर लगाने के नाम पर कॉल सेंटर और ऑफिस का संचालन प्रारंभ किया था। ठगी कार्य में तेजी जाने के बाद अतानू भट्टाचार्य का ची 7 कमरा को भी 7000 रू में किराये पर लेकर कॉल सेंटर एवं ऑफिस संचालित करने लगा । उक्त कॉल सेंटर में स्नेह पाल, आसिमा राय, दीपिका महल को ठगी काम करने के लिये रखा था। उक्त सभी को में फोन द्वारा किस प्रकार लोगों को ठगी करना है एवं किस प्रकार बात करना है किस प्रकार उन लोगों को झांसे में लेना है क्या क्या दस्तावेज मंगाना है कमर्शियल चार्ज एन.ओ.सी चार्ज. जी. एस. टी. चार्ज एवं अन्य चार्जेस के बारे मे प्रशिक्षण दिया गया था।। लोगों को फोन लगाकर उसके खेत में एयरटेल कंपनी का मोबाईल टावर लगाने के एवज में कंपनी द्वारा एडवांस में 15 लाख रूपया दिया जायेगा और टावर लगने के बाद आपको प्रति माह 20 हजार रुपये मंथली भी दिया जायेगा। उसके लिये डाक्यूमेंट तैयार करने के लिये आपको प्रोसेसिंग चार्ज के रूप में 60 हजार रुपया लगेगा जिसे आप किस्तों में दे सकते कहकर बात करवाता था। इन सभी को प्रशिक्षण देने के बाद कॉल सेंटर में काम करने वाले दीपिका मंडल को काल सेंटर का मैनेजर नियुक्त किया था। कॉल सेन्टर में काम करने वाले सभी लोगों को ग्राहकों से बात करने के लिये एक-एक की पेड मोबाइल तथा ग्राहको का नाम पता नोट करने के लिये एक डायरी कापी दिये या मोबाइल का सिम भी मैं ही देता था। कॉल सेंटर मे काम करने वाले सभी का पर्सनल मोबाइल नंबरों का टअप ग्रुप राधे राधे नाम से बनाया था जिसमें कॉल सेंटर में आने जाने किये गये कार्य के बारे में जानकारी देता था कॉल सेंटर में मोबाइल नंबर 8902251001 मे वाटसअप चलाकर ग्राहकों से दस्तावेज मंगाते थे। यह मोबाईल दीपिका मंडल को दिया था मेरे कर्मचारियों द्वारा निज ग्राहको को फंसाते थे उनसे कमर्शियल चार्ज के नाम पर 10260, 10360, 10460 रुपये भेजने को कहते थे इसके बाद ग्राहको से पूरी जानकारी लेकर टावर कंपनी के अधिकारी के रूप में मैं ग्राहकों से बात करता था और एनओसी चार्जेस के लिये 17200 रूपये बैंकिंग चार्ज के लिए 72000 रूपये तथा बीमा के लिये 32000 रूपये लगना बोल कर ठगी करता था। इसके बाद में अपने लैपटाप से टावर का एनओसी फॉर्मेट निकालकर भेजकर पुनः पैसा की मांग करते थे रकम भेजने के लिये मैं ग्राहको के लिये अपने मैनेजर दीपिका मंडल के बैंक आफ बड़ौदा के खाता क्रमांक 77830100006603 तथा आसमा राय के कैनरा बैंक के खाता क्रमांक 1100322635822 को दिया जाता था आसिमा राय के केनरा बैंक के खाता में में मेरा मोबाईल नंबर 8617776775 लिंक करा के रखा था मैं ग्राहको से बात करने के लिये लड़कियों को फर्जी नाम अल्का शर्मा, पूजा शर्मा, अंकिम सिंह के नाम से बात करने के लिये बताया था। माह जून-जुलाई 2022 में मेरे निर्देश पर दीपिका मंडल, स्नेहा पाल एवं आसिमा राय ने छत्तीसगढ़ राज्य के जिला दुर्ग के तेजेंद्र चक्रपर को एयरटेल कंपनी के टावर लगाने के नाम पर क्रमशः 10260, 6000, 11200 32000 साल 59460/- रुपये फोन के समय से प्रोसेसिंग फीस के नाम पर आसिया राम के केनारा बैंक के खाता में पैसा डलवाकर ठगी किये है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य के कर्वधा जिला में एक व्यक्ति से 21 लाख रूपये, धमतरी जिला से 03 लाख 36 हजार रू., धमधा दुर्ग क्षेत्र से 90 हजार रू. सिवनी मध्य प्रदेश से 38460 रू. का ठगी किए है दीपिका मंडल के बैंक आफ बड़ौदा का एटीएम और आशिमा राय का केनरा बैंक का तथा एचडीएफसी बैंक का पास बुक में रखा था तथा भारतीय स्टेट, केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक में मेरा खाता है। ठगी के रू. को में आसिमा राय के खाता में आये पैसा को अपने खाता में ट्रांसफर फोन पे के माध्यम से करा लेता था तथा दीपिका मंडल के खाता में आये पैसा को एटीएम से निकालता था। एवं प्रत्येक माह टंगी के रकम को कॉल सेंटर में काम करने वाले मैनेजर दीपिका मंडल, स्नेहा पाल, आशिमा राय को वेतन के रूप में हिस्सेदारी देता था। मैं कॉल सेंटर में काम करने वाले का उपस्थिति पंजी प्रतिमाह का हिसाब का डायरी ठगी कार्य में प्रयुक्त, एटीएम एवं पास बुक, उपस्थिति पंजी, लैपटाप, टैबलेट, मोबाईल एवं ठगी के रकम से खरीदे हुये बुलेट को थाना पुसौर जिला रायगढ़ के मामले में बरामद कराकर जब्त कराया हूँ।

## मिड ब्रेन एक्टीवेशन कोर्स के समापन पर मनीषा रावटे ने स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 23 अप्रैल।**डॉ. लाल उमेद सिंह, पुलिस अधीक्षक कबीरधाम ने पुराना पुलिस लाईन परिसर, कवर्धा के भ्रमण के दौरान अधिनस्थ पुलिस कर्मियों के बच्चों से रूबरू होकर बातचीत कर उनकी वर्तमान अध्ययन एवं क्रियाकलापों के संबंध में जानकारी ली। बच्चों से बातचीत कर पुलिस अधीक्षक काफी हर्षित हुए तथा स्कूली बच्चों को बेहतर भविष्य एवं एक्टीविटी को लेकर विचार कर उनके बौद्धिक एवं मानसिक दक्षता को और बेहतर करने एवं उन्हें नई चीजों की सीखलाई दिये जाने अपने स्वभाव के अनुरूप बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए मिड ब्रेन एक्टीवेशन कोर्स संचालित किये जाने का विचार व्यक्त कर स्वंय उक्त कोर्स के संबंध में शोध एवं जानकारी प्राप्त कर अपने विचार एवं कोर्स के संचालन की रूपरेखा तैयार किये जाने के संबंध में श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम से साझा कर पुलिस परिवार के 05 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों को कोर्स में प्रशिक्षण दिलाये जाने की मंशा जाहिर कर अपने अधिनस्थ पुलिस कर्मियों से को मिड ब्रेन एक्टीवेशन के फायदें जैसे बच्चों की आई क्यु क्षमता, स्मरण शक्ति, निर्णय लेने की क्षमता, रचनात्मक कार्य, आत्मविश्वास में वृद्धि तथा भावनात्मक स्थिरता में वृद्धि का विकास होने के संबंध में जानकारी दी। पुलिस कर्मियों ने पुलिस अधीक्षक के विचारों से अभिभुत होकर अपने बच्चों को उक्त कोर्स में भेजे जाने के लिए सहमत होकर 05 वर्ष से 15 वर्ष तक के आयु के 150 से अधिक बच्चों का नाम अंकित करवाया। कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या अधिक होने से एवं अलग-अलग उम्र एवं कक्षा के होने से बच्चों के उम्र अनुसार उनकी दो बैच तैयार कर प्रथम बैच में 05 वर्ष से 09 वर्ष तक के आयु के बच्चें एवं द्वितीय बैच में 10 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों में विभाजित कर पृथक-पृथक साप्ताहिक कोर्स संचालन किया गया तथा उक्त कोर्स के लिए विशेषज्ञ प्रशिक्षिका सुश्री विधि तिवारी (शिक्षक एलबी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अगरीकला) को बच्चों के प्रशिक्षण देने के लिए विशेष आमंत्रित कर दिनॉक 05 अप्रैल 2023 से पुराना पुलिस लाईन स्थित सर्व सुविधा युक्त प्रोजेक्टर एवं एसी हॉल में कोर्स का शुभारंभ किया गया। सभी बच्चों ने काफी हर्ष उल्लास से अपनी जीवन शैली में नई चीजों को जानने के उत्सुक होकर कोर्स को काफी समझदारी से समझे एवं अपनी छोटी-छोटी कमजोरियों के संबंध में प्रशिक्षिका को अवगत कराकर उन्हें दूर करने का प्रयास किया। कोर्स की समाप्ति उपरांत बच्चों एवं उनके पालक से उनकी कमियों/कमजोरी के संबंध में फिड बैक लिया। जिस पर उन्होने बताया कि मिड ब्रेन एक्टीवेशन कोर्स के प्रशिक्षण प्राप्त करने से उनकी जो कमियां थी, उसे दूर करने में काफी सहायता मिली है तथा इस प्रकार का कोर्स नियमित रूप से चलाये जाने की मंशा जाहिर तथा दिनॉक 21 अप्रैल 2023 को मिड ब्रेन एक्टीवेशन कोर्स का समापन किया जाकर प्रशिक्षिका सुश्री विधि तिवारी को अपने अनुभव एवं कार्यकुशलता का उत्कृष्ठ परिचय देते हुए पुलिस परिवार के बच्चों को बौद्धिक एवं मानसिक दक्षता को बढ़ाये जाने दिये गये प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कबीरधाम पुलिस की ओर श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम ने प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। डॉ. लाल उमेद सिंह पुलिस अधीक्षक कबीरधाम की पुलिस परिवार के बच्चों के लिए संचालित मिड ब्रेन एक्टीवेशन कोर्स की पुलिस परिवार ने काफी सराहना कर समय-समय पर इस प्रकार के कोर्स के संचालन किये जाने आग्रह किया।

### करुणा हॉस्पिटल के बाजू में मोबाइल टावर लगाने का विरोध किया जा रहा



**भिलाई, 22 अप्रैल।** भिलाई निगम के वार्ड-40 छावनी नंदिनी रोड करुणा हॉस्पिटल के बाजू में मोबाइल टावर लगाने का स्थानीय रहवासियों ने विरोध किया है। शिवसेना नेता राजू गुप्ता के नेतृत्व में स्थानीय रहवासियों ने जोन आयुक्त को संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन देकर मोबाइल टावर तत्काल हटाने का अनुरोध किया है। राजू गुप्ता ने कहा है कि घनी आबादी के बीच मोबाइल टावर लगाने से लोगों को शारीरिक और मानसिक परेशानी होगी। इसका रेडिएशन खतरनाक होता है।

## पति के क्रिया कर्म का झांसा दे पड़ोसी महिला से सोने के जेवरात की ठगी

**भिलाई, 21 अप्रैल।** भिलाई 3 थाना अंतर्गत एक महिला ने पति के क्रिया कर्म का झांसा देकर पड़ोसी महिला से सोने के जेवरात लिया। क्रिया कर्म खत्म होने के बाद भी आरोपी महिला ने पीड़िता के सोने के जेवरात को नहीं लौटाया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 406 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि गांधी नगर वार्ड 13 निवासी बीएस लता की 4 वर्ष पूर्व से वार्ड 17 शांति नगर भिलाई तीन की जी विजय लक्ष्मी से पारिवारिक संबंध था। विजय लक्ष्मी ने अपने पति के क्रियाक्रम के लिए सोने का जेवरात मांगा था। महिला की परेशानी को देख पीड़िता ने उसे 1.50 लाख रुपए के सोने के जेवरात उसे दिया। आरोपी महिला ने पीड़िता को जल्द लौटाने और पति का सेटलमेंट का रुपए आने पर देने का झांसा दिया। लेकिन सालों बीतने के बाद भी जेवरात को नहीं लौटाया। बल्कि अमानत में खयानत कर दिया। जी. विजय लक्ष्मी पहले रेल्वे कॉलोनी भिलाई तीन के आवास में पीड़िता की पडोसी थी। उनके परिवार से पारिवारिक संबंध रहा है। जिसका फायदा उठाते हुए जी. विजयलक्ष्मी पति के निधन के बाद कार्यक्रम के लिए रकम की आवश्यकता होना बताकर सोने का जेवरात लाकेट हार तथा एक काला मोती हार लेकर गई। गिरवी से छुड़ाकर वापस लौटाने की बात की थी। लेकिन आज तक महिला के जेवरात को आरोपी महिला ने नहीं लौटाया। घटना 25 अप्रैल 2019 की है। समय बीतने के बाद अपने जेवरात को लेने पीड़िता जी. विजयलक्ष्मी के घर गई। लेकिन लगातार दो महीने में लौटाने का झांसा देती रही। तीन वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी जेवरात नहीं लौटाया गया।

## केबिनेट मंत्री ने पुलिस थाना भवन का किया लोकार्पण



**कवर्धा 23 अप्रैल।** कबीरधाम जिले के बोड़ला अनु. विभाग के नक्सल प्रभावित ग्राम झलमला में नवनिर्मित थाना भवन का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला श्री जगदीश उइके के मार्गदर्शन में अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त पर दिनांक-22.04.2023 को रखा गया था। लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहम्मद अकबर जद्य मंत्री परिवहन विभाग, आवास एवं पर्यावरण, वन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अपनी गरिमामई उपस्थिति देकर उक्त थाना भवन का विधि विधान से पूजा अर्चना कर, रिबन काटकर लोकार्पण किया गया। जिसके पश्चात थाना प्रभारी कक्षा में रखे रोजनामचा में शुभकामना संदेश लिखकर थाना झलमला में पदस्थ समस्त अधिकारी कर्मचारियों एवं वनांचल क्षेत्र के ग्राम वासियों को नवीन थाना भवन के लिए बधाई दिया गया। उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि पुलिस के अधिकारी जवानों से बेझिझक होकर मिले और अपनी समस्याओं को बताएं तथा पुलिस अधिकारी जवानों को कहा गया की क्षेत्रवासी आम जनों से अत्यंत ही सहजता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का निराकरण करें, पुलिस और आम जनता के बेहतर संबंध से ही अपराधिक गतिविधियों को पूर्णता समाप्त किया जा सकता है। कहकर सम्माननीय जनप्रतिनिधि गण एवं वनांचल क्षेत्र के सम्मानीय ग्रामवासी, महिला पुरुषों के साथ थाना भवन का अवलोकन कर अधिकारी जवानों एवं ग्राम वासियों के साथ भोजन ग्रहण किया गया।इस अवसर पर नीलकंठ चंद्रवंशी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, कृषि मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू , श्रीमती रामकली हंसराम धुर्वे जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती अमिता प्रभाती मरकाम जनपद पंचायत अध्यक्ष, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उईके, थाना प्रभारी झलमला निरीक्षक रामकिशन मरकाम, थाना प्रभारी रेंगाखार निरीक्षक दुर्गेश रावटे, थाना प्रभारी चिल्फी निरीक्षक विकास बघेल, एवं अधिक संख्या में सम्माननीय जनप्रतिनिधि गण एवं वनांचल क्षेत्र वासी महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# अक्षय तृतीया पर एसपी ने प्याऊ घर का किया शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा 23 अप्रैल।** कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना/चौकी परिसर के सामने अक्षय तृतीया के शुभ दिन पर मिट्टी के घड़े में शुद्ध पेयजल भरकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर, राहगीरों को गर्मी से निजात दिलाने हेतु प्याऊ घर का शुभारंभ करने निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में आज दिनांक-22.04.2023 को स्वयं पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने, न्यू पुलिस लाइन जोराताल पुलिस चेक पोस्ट के सामने, समनापुर पुलिस चेक पोस्ट के सामने, एकता चौक यातायात शाखा के सामने, लोहारा रोड बाईपास पुलिस चेक पोस्ट के सामने, बढ़ते गर्मी से राहगीरों को निजात दिलाने हेतु प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया, तथा रास्ते से गुजरने वाले आम जनों को पुलिस कप्तान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा गुड़ खिला कर मटके का शुद्ध ठंडा पानी पिलाया गया। उपस्थित समस्त आम जनों एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों को पुलिस कप्तान के द्वारा अपने अपने घरों के सामने बाल्टी/ बड़े डब्बे में बेजुबान जानवरों के लिए पानी रखने तथा पेड़ों में छोटे डिब्बे में पानी भरकर पक्षियों के लिए लगाने कहा गया। यह भी जानकारी दिया गया, कि अक्षय तृतीया तिथि स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त मानी गई है। इस दिन कोई भी शुभ मांगलिक कार्य किया जाता है। अक्षय तृतीया या आखा तीज वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि है, अक्षय अर्थात जिसका कभी क्षय नहीं हो, माना जाता है, इस दिन जो भी अच्छे कार्य किए जाते हैं, उनका कभी क्षय नहीं होता है। यही वजह है, कि ज्यादातर शुभ कार्यों का आरंभ इसी दिन होता है। कहते हुए यह भी जानकारी दिया गया कि पुलिस प्याऊ घर में प्रतिदिन आम जनों एवं सड़क से गुजरने वाले राहगीरों के लिए शुद्ध गुड़ एवं मटके का शुद्ध जल की व्यवस्था की गई है। जिसे पुलिस के प्रत्येक अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा प्रतिदिन अपनी उपस्थिति देकर सुचारू रूप से प्याऊ घर का संचालन किया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे, उप. पुलिस अधीक्षक श्री कौशल किशोर वासनिक, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री संजय ध्रुव, एवं कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारी तथा अधिक संख्या में राहगीर आम महिला पुरुष उपस्थित रहे। जिले के समस्त थाना, कोतवाली, चौकी बाजार चारभाटा, थाना सहसपुर लोहारा, थाना पिपरिया, चोकी दशरंगपूर, थाना बोड़ला, चौकी पौड़ी, थाना पंडरिया, थाना पांडातराई, थाना कुकदुर, थाना कुंडा, चौकी दमापुर, थाना चिल्फी, थाना रेंगाखार, थाना तरेगांव जंगल परिसर के सामने पुलिस प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया है।* पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त थाना /चौकी प्रभारियों को पूर्व में ही निर्देश देते हुए कहा गया था। कि अक्षय तृतीया के दिन जल भरकर मटक रखने का विशेष महत्व होता है। इस दिन यदि प्यासे को पानी पिलाया जाये तो इससे आपको कई गुना दान के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। इसलिए आप सभी अक्षय तृतीया के दिन निर्धारित समय पर राहगीरों के लिए मटके का शुद्ध जल एवं गुड की व्यवस्था करें। जो पूरे ग्रीष्म काल में आम जनों एवं राहगीरों को उपलब्ध होता रहे। पुलिस कप्तान के निर्देश पर कबीरधाम जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारीयो के द्वारा अपने-अपने थाना चौकी परिसर के सामने विधि विधान से मिट्टी के जल से भरे घड़े का पूजा कर आम जनों को मटके का शुद्ध जल व गुड़ खिलाया गया।

## काशिका कपूर ने अपनी डेब्यू फिल्म आयुषमती गीता मैट्रिक पास का किया अपना लुक रिवील

काशिका कपूर, जो बॉलीवुड उद्योग में सबसे कम उम्र की प्रतिभाओं में से एक हैं, ने हमेशा अपने शानदार लुक और अद्भुत अभिनय कौशल से दर्शकों को चकित किया है। काशिका अपनी पहली फिल्म आयुषमती गीता मैट्रिक पास की घोषणा के बाद से शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है, जो अभिनेता अनुज सैनी के साथ होगी, जिसे प्रदीप खैरवायर द्वारा निर्देशित किया गया है। काशिका कपूर, जो अपनी आगामी फिल्म, ÷आयुष्मती गीता मैट्रिक पास÷ में मुख्य भूमिका निभा रही हैं, अपने सभी प्रशंसकों को अपने बीटीएस शूट से एक तस्वीर साझा करके अपने लुक को रिवील किया 7 काशिका अपने फिल्म को लेके अपने सोशल मीडिया पर अपडेट देती रहती है। और अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपना लुक रिवील कर अपने सभी फैंस के दिलो में एक अलग उत्साह जगह दिया है. फिल्म में काशिका एक बहुत ही साधारण पोशाक में आम सी लड़की के रूप में दिखाई दे रही है, तस्वीर में, हम अभिनेत्री को एक कुर्सी पर बैठे हुए देख सकते हैं, एक पूर्ण इंडियन लुक में, जहां वह सलवार सूट पहने हुए दिखाई दे रही है कम से कम मेकअप के साथ लहराते कर्ल में उसके बाल खुले रखे है। तस्वीरों की पृष्ठभूमि किसी कक्षा की लग रही है। काशिका ने अपनी भूमिका और अपनी फिल्म के बारे में बात करते हुए कहती है, ÷मेरी फिल्म एजीएमपी जो मेरी डेब्यू फिल्म है उसके लिए में बहुत हु ज़्यादा भाग्यशाली हूं कि मुझे कहानी में मुख्य भूमिका निभाने का मौका मिला, जहां पूरी कहानी मेरे और अपने सपनों को हासिल करने के लिए किए गए बलिदानों और संघर्षों के इर्द-गिर्द घूमती है। मैं गर्व से कह सकती हूं कि मेरी फिल्म आपको प्रेरणा का स्वाद देगी और खुद पर विश्वास करने के लिए कुछ प्रोत्साहन भी देगी। मुझे यकीन है कि आयुषमती गीता मैट्रिक पास बॉलीवुड उद्योग में अगली ऐसी फिल्म होगी जो दर्शकों को विस्मित करेगी और महिला-केंद्रित फिल्म जो आपको कहानी और उस संघर्ष से प्रेरित करेगी जो एक लड़की अपने सपनों को पूरा करने के लिए कर सकती है।



## लीजिये अभिनेत्री जॉर्जिया एंड्रियानी से ईद की रात के लिए जौहर बाई हाउस ऑफ़ डायमंड्स के लुक सें प्रेरणा

जॉर्जिया एंड्रियानी एक फैशन आइकॉन हैं, जो अपने बेदाग अंदाज के साथ सभी को अपनी और दीवाना करती है। जैसा कि हम ईद और अक्षय तृतीया मनाने के लिए तैयार हैं, आइए इस फैशन दिवा से प्रेरणा लें और अपने आउटफिट्स के साथ एक जेवेलरी स्टेटमेंट बनाने के लिए तैयार हो जाएं। अभिनेत्री को जौहर बाई हाउस ऑफ़ डायमंड्स द्वारा कुछ शानदार पीस पहने हुए देखा गया है, और हम उन्हेंनोटिस किए बिना नहीं रह सकते। जब ट्रेंडी लुक्स की बात आती है, तो जॉर्जिया हर बार अपना जादू चलाने के लिए जानी जाती हैं. लेकिन इस बार नेटिज़न्स की नज़र जिस चीज़ पर पड़ी, वह है जॉर्जिया का पारंपरिक लुक है। पहले लुक में, जौहर हाउस ऑफ डायमंड्स ज्वेल्स द्वारा सेट किए गए इस मल्टीकलर मोटिफ में अभिनेत्री आश्चर्यजनक लग रही है। डिटेल्ड डिजाइन और रंगों का उपयोग इस सेट को किसी भी फैशन-फॉरवर्ड व्यक्ति के लिए ही बनाया गया है7 चाहे आपने कुर्ता पहना हो या शरारा, बस इस सेट और झुमके को चुनें, और आप ढेर सारी तारीफ पाने के लिए तैयार रहेंगे। यह सेट किसी भी पोशाक को एक मिनट में सबसे अलग बना देगा और उन लोगों के लिए एकदम सही है जो अपने लुक में ग्लैमर का स्पर्श जोड़ना चाहते हैं। दूसरे लुक में जॉर्जिया को हीरे और कीमती ज्वेल्स का चोकोर कुंदन पहने देखा गया है। वह बिल्कुल लुभावनी लग रही है, और जौहर हाउस ऑफ डायमंड्स संग्रह के साथ आप भी ऐसा ही कर सकते हैं। इस सेट में हीरे और कीमती ज्वेल्स का उपयोग किसी भी पोशाक में एलेगन्स और परिष्कार का स्पर्श जोड़ता है।



## घरेलू समानता पर बनी एरियल की नयी भावनात्मक फिल्म

भारत के बड़े डिटर्जेंट ब्रांड, एरियल ने साल 2015 में #Sharetheload शुरू किया था ताकि वे घरेलू कामकाज के समान बँटवारे के बारे में सार्थक बातचीत को बढ़ावा दे सकें और ज्यादा-से-ज्यादा संख्या में पुरुषों को घरेलू कामकाज में हाथ बटाने के लिए प्रोत्साहित कर सकें। इस मुद्दे पर बातचीत को जारी रखने और परिवारों के भीतर समानता के संदेश को लगातार आगे बढ़ाने की बात को ध्यान में रखते हुए, एरियल ने हाल ही में अपनी नई फिल्म सी द साइन्स #ShareTheLoad' को लॉन्च किया। ब्रांड ने अपनी इस साल की मुहिम में लंबे समय तक असमान बँटवारे के शादी के रिश्ते पर पड़ने वाले प्रभाव को उजागर किया है, ताकि दंपति इसे समझें और घरेलू कामकाज में आज ही से हाथ बटाने लगें, ताकि उनका वैवाहिक जीवन खुशहाल रहे। एरियल की नई फिल्म सवाल उठाती है कि आपके वैवाहिक जीवन में आप एक साथ आगे बढ़ रहे हैं या अलग-अलग?



घरेलू कामकाज के बँटवारे में असमानता को नजरअंदाज करने से कुछ दंपतियों के बीच भावनात्मक दूरी बढ़ रही है। हाल में किए गए एक सर्वेक्षण के नतीजे बताते हैं कि, 74% महिलाओं ने घरेलू कामकाज को साझा करने के बारे में बात करना भी छोड़ दिया है। घरेलू कामकाज में जीवनसंगिनी का साथ देने से, दंपति के बीच में लगाव और खुशहाली को बढ़ावा मिल सकता है। सर्वेक्षण में शामिल 95% से अधिक दंपतियों का मानना है कि मिल-जुलकर घर का कामकाज करने से उनके रिश्ते में सुधार होगा। इस फिल्म में कई दंपतियों के अनुभवों को दर्शाया गया है, जो अपने रिश्तों में असमानता का सामना करते रहते हैं। कई लोग घरेलू कामकाज में अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाते हैं। लेकिन जो ऐसा नहीं करते हैं, उन लोगों के लिए यह फिल्म अपने रिश्ते में असमानता के संकेतों को पहचानने के लिए एक रिमाइंडर के तौर पर काम करती है। फिल्म में दिखाया गया है कि पति को अपनी जिंदगी में काफी वक्त बीतने के बाद इस बात का एहसास होता है, लेकिन युवा दंपतियों के लिए असमानता के प्रभाव को पहचानना बेहद मायने रखता है। इसलिए अपने विवाहित जीवन को खुशहाल और समान बनाने के लिए आज से ही उन्हें घरेलू कामकाज में हाथ बटाने की शुरुआत कर देनी चाहिए।

## वरुण भगत का पावर पैक कम बैक

वरुण भगत को कुछ महीने पहले एक गंभीर ऑपरेशन से गुजरना पड़ा था, जिसके कारण वह लंबे समय तक बिस्तर पर रहे थे. मामलों को बदतर बनाने के लिए, उन्होंने अपनी पुनर्प्राप्ति अवधि के दौरान कोविड-19 को भी अनुबंधित किया। हालांकि, अभिनेता ने इन असफलताओं को अपने हौसले को कम नहीं होने दिया। वह सकारात्मक बने रहे और जल्द से जल्द अपने सामान्य जीवन में वापस आने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर अपने स्वास्थ्य लाभ पर ध्यान केंद्रित किया। महीनों की कड़ी मेहनत और समर्पण के बाद, वरुण आखिरकार अपने पुराने स्व में वापस आ गया है। उन्होंने हाल ही में जिम में वर्कआउट करते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में, अभिनेता को वजन उठाते और आसानी से विभिन्न व्यायाम करते हुए देखा जा सकता है, जिससे यह साबित होता है कि वह अपनी पूरी ताकत पर वापस आ गया है। वरुण के वीडियो ने उनके कई प्रशंसकों और अनुयायियों को प्रेरित किया है, जो उन्हें समर्थन और प्रोत्साहन के संदेश भेज रहे हैं। अभिनेता भी सोशल मीडिया पर अपनी यात्रा साझा कर रहे हैं, जो अन्य लोगों को प्रेरित करने की उम्मीद कर रहे हैं जो समान चुनौतियों से गुजर रहे हैं। उसी के बारे में बात करते हुए, वरुण ने कहा, यह रिकवरी आसान नहीं थी, लेकिन मैं अपने सामान्य जीवन में वापस आने के लिए दृढ़ था। मैं अपने सभी प्रशंसकों को उनके समर्थन और प्रोत्साहन के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूं; इससे निश्चित रूप से मुझे रिकवरी अवधि के दौरान सकारात्मक बने रहने में मदद मिली।



# कलाकार गर्मी में अपनी स्टाइल निखारने के लिए बता रहे हैं फैशन टिप्स और ट्रिक्स!

मौसम बदलने के साथ उसकी स्थितियों के अनुसार नया स्टाइल अपनाने की जरूरत होती है। स्टाइल से समझौता किये बिना गर्मियों का मजा लेने के लिये एण्डटीवी के कलाकार अपने वार्डरोब्स को नयापन दे रहे हैं और गर्मियों के लिये अपने सबसे बढ़िया फैशन स्टाइल्स के बारे में बता रहे हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं नेहा जोशी ('दूसरी माँ'की यशोदा), कामना पाठक ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश सिंह) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी)। दूसरी माँ की यशोदा, यानि नेहा जोशी ने कहा, ''गर्मी में कपड़े जितने हवादार होते हैं, उतना अच्छा रहता है। मेरे समर वार्डरोब में ब्रीदेबल फैब्रिक्स से बने कपड़े होते हैं, जैसे कि कॉटन और लिनेन, जो मुझे गर्म मौसम में भी ठंडा रखते हैं। कॉटन सूट्स, फ्लोई साड़ियाँ और कुर्तियाँ, क्लासिक लिनेन या कॉटन न ट्राउजर्स और कॉम्फी मैक्सी ड्रेसेस मुझे गर्मियों में स्टाइलिश रखती हैं। चाहे कपड़ा प्लेन, स्ट्रिप्ड, सीक्विन्ड या ओवरसाइज़्ड हो। मैं समर क्लॉथिंग के इन विकल्पों को हमेशा अपनी अलमारी में रखती हूँ और स्कार्व्स, दुपट्टा और हल्की-फुल्की ज्वैलरी जैसी एसेसरीज के साथ उन्हें पेयर करके अपने लुक को पूरा करती हूँ। इसके अलावा, जब मैं शॉपिंग के लिये जाती हूँ, तब हमेशा हल्के रंग चुनती हूँ। वे सूरज से आने वाली गर्मी को वापस भेज देते हैं और ठंडा रहने में मेरी मदद करते हैं। वे मेरे हल्के और भूरे बालों के साथ बेहतरीन भी लगते हैं।''



'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश सिंह, यानि कामना पाठक ने कहा, ''मेरे लिये गर्मियाँ कैजुअल रहने और आराम फरमाने का वक्त होती हैं। मैं दिन में हल्के रंग के कपड़े पसंद करती हूँ, जबकि रात में गहरे। बैगी कॉटन शर्ट्स और ढीली कार्गो जीन्स गर्मियों के लिये मेरे भरोसेमंद कपड़े हैं। मेरे लिये यह अपनी अलमारी से लोफर्स और स्लिपर्स निकालने का वक्त भी होता है। मैं गर्मियों में स्टोल लेकर घर से निकलती हूँ। वे ट्रेंडी होते हैं और सुविधा देते हैं, इसलिये गर्मियों में सबसे अच्छे साथी होते हैं। रंगीन स्टोल आपके आउटफिट का लुक बेहतर बनाता है और सूरज की झुलसाने वाली किरणों से बचाता है। आखिर में, सनग्लासेस जरूरी होते हैं, न सिर्फ स्टाइल के लिये बल्कि आपकी आँखों को बचाने के लिये भी। अच्छे सनग्लासेस खरीदें और अपने कपड़ों के साथ उनकी जोड़ी बनाएं, ताकि आप पूरे स्टाइल के साथ गर्मी को मात देते हुए ट्रेंडी भी दिखें।'' 'भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी, यानि विदिशा श्रीवास्तव ने कहा, ''मैं लाउड पैटर्न्स से बचती हूँ और कुछ साधारण, लेकिन शानदार अपनाती हूँ। आपके वार्डरोब में कॉटन और लिनेन होना चाहिये। सफेद और हल्के रंग इस सीजन की क्लॉथिंग के लिये सबसे बढ़िया होते हैं। डियोडरेन्ट्स और परफ्यूम्स का इस्तेमाल भी करें; इस मौसम में वे जरूरी होते हैं। मुझे लगता है कि टी-शर्ट्स और शर्ट्स बहुत साधारण और बोरिंग होते हैं, क्योंकि हम उन्हें साल में कभी भी पहन सकते हैं। इसलिये गर्मियों का वक्त तरह-तरह के रंगों और कुर्तों को खरीदकर अपने वार्डरोब में वैरायटी और रंग भरने के लिये सबसे अच्छा है। मिड-लेंथ से लेकर फ्रॉक -बेस्ड या फ्लोई, लंबे कुर्तों तक, मैं उनकी विपरीत रंगों वाली लेगिंग्स या जीन्स और रंगीन समरटाइम फ्लैट्स के साथ जोड़ियाँ बनाती रहती हूँ।''



## ये पैर मुझे दे दे ठाकुर

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के देसी डांस रियलिटी शो 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न 3' ने ऑडिशन राउंड्स में शानदार टैलेंट पेश करके देश में तूफान ला दिया है। अब आने वाले 'मेगा ऑडिशन' में जजेस यानी ई.ई.एन.टी. स्पेशलिस्ट्स - सोनाली बेंद्रे, गीता कपूर और टेरेंस लुइस सभी कोरियोग्राफर्स की मौजूदगी में 'बेस्ट बारह' कंटेस्टेंट्स को चुनेंगे। इस दौरान पुणे के समर्पण लामा 'क्या मुझे प्यार है' गाने पर परफॉर्म करके जजों के दिलों में अपनी जगह बना लेंगे! समर्पण की परफॉर्मेंस से बेहद इम्प्रेस होकर जज गीता कपूर उन्हें जजों के पैनल में बुलाएंगी और उनके पैरों पर काला टीका लगाते हुए कहेंगी ÷ये पैर मुझे दे दे ठाकुर! 20 साल के इस खुशमिजाज डांसर की तारीफ करते हुए गीता कपूर कहेंगी, ''आप बहुत अच्छा डांस करते हैं! आपको परफॉर्म करते देखना बड़ा खूबसूरत और प्यारा एहसास है। मेरी आंखों में आपके लिए प्यार है। यह आपका पहला रियलिटी शो है ना? मुझे यकीन नहीं होता कि आप इतना अच्छा डांस कर सकते हैं। मैं आपको देखकर हैरान हूं और मुझे आपके पैरों से प्यार हो गया है! मुझे आपके मूव्स से प्यार है, आपके क्राफ्ट से प्यार है। मुझे आप पर बहुत गर्व है। मैंने अरसे बाद इस गाने पर एक परफॉर्मेंस देखी। आप अपने पैरों से डांस बुनते हैं। आपके डांस में एक कहानी है और आपने जो किया वो अप्रत्याशित था। इतना ही नहीं, समर्पण की परफॉर्मेंस कोरियोग्राफर्स को इतना ज्यादा इम्प्रेस करेगी कि वे मंच पर जाकर उन्हें अपने सम्मान और तारीफ की निशानी के रूप में अपनी जैकेट्स देंगे।

## किरदारों की कश्मकश!

एण्डटीवी के शोज 'दूसरी माँ', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में किरदार खुद को मुश्किल हालातों में पायेंगे। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' की कहानी के बारे में कृष्णा ने बताया, ''डीएनए टेस्ट के दौरान वरुण (मिक्की डुडाने) और कामिनी (प्रीति सहाय) कृष्णा (आयुध भानुशाली) के ब्लड सैम्पल्स बदल देते हैं। यशोदा (नेहा जोशी) उनकी योजना का खुलासा कर देती है। वरुण डॉक्टर को ब्लैकमेल करता है कि वह रिपोर्ट बदल दे और कृष्णा को उसका बेटा साबित करे। इस बीच दादाजी (सुनील दत्त) मालती (अनीता प्रधान) से नाराज हो जाते हैं, जब वह कृष्णा को लेकर भावुक होती हैं, क्योंकि कृष्णा अब एक अनाथालय में है।'' एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बेनी ने बताया, ''राजेश (कामना पाठक) के साथ बहस के बाद कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) घर को दो हिस्सों में बांट देती हैं। चमची (ज़ारा वारसी) अम्मा का समर्थन करती है, जबकि ऋतिक (आर्यन प्रजापति) और रणबीर (सौम्या आज़ाद) राजेश का समर्थन करते हैं। कैट (गज़ल सूद) और मलाइका (सोनल पंवार) किसी का भी पक्ष नहीं लेती हैं। हप्पू (योगेश त्रिपाठी) को किसी एक के चुनाव के लिये कहा जाता है। लेकिन बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) के कहने पर हप्पू उसके साथ रहने का फैसला करता है।'' एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में मनमोहन तिवारी ने बताया, ''मॉडर्न कॉलोनी के लोग बिजली विभाग में जाते हैं और बिजली के लगातार बढ़ रहे बिलों की शिकायत करते हैं। लेकिन अधिकारी उन पर बिजली का दुरुपयोग करने का आरोप लगाता है। वह उनके यहाँ जाकर दिखाता भी है कि वे कैसे बिजली को बेकार में खर्च करते हैं। इस बीच विभूति (आसिफ शेख) के पुराने प्रोफेसर उसे बिजली बनाने के तरीके वाले नोट्स देते हैं। विभूति अपनी कॉलोनी में वापस आता है और मुफ्त की बिजली का प्रोजेक्ट शुरू करने के लिये पैसे मांगता है। हर कोई उसकी मदद करता है। विभूति दिन-रात मेहनत करता है। कॉलोनी के लोग उसका काम देखने आते हैं, लेकिन बिजली का बल्ब बंद-चालू होता रहता है। विभूति जितना जल्दी हो सके, इस परेशानी को ठीक करने का वादा करता है।''



## 'भाबीजी घर पर हैं' के एक्टर्स आसिफ शेख और इमरान नज़ीर खान ने ईद मनाई

एण्डटीवी के शो 'भाबीजी घर पर हैं' के विभूति नारायण मिश्रा, यानि आसिफ शेख और टिम्मी, यानि इमरान नज़ीर खान एक महीने के रमजान के बाद बड़े ही उत्साह से ईद मना रहे हैं। नमाज पढ़ने से लेकर अपने प्रियजनों के साथ अच्छा वक्त बिताने और दावतें देने तक, उन्होंने इस मौके के लिये पूरी योजना बनाई है। इस साल की ईद के लिये उनकी योजना के बारे में पूछे जाने पर 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति नारायण मिश्रा के किरदार के लिये मशहूर आसिफ शेख ने त्यौहार के लिये अपना रोमांच दिखाते हुए कहा, ''ईद मेरे लिये हमेशा से एक बेहतरीन और यादगार मौका होता है। हम दोस्तों, परिवार और प्रियजनों के साथ वक्त बिताते हैं। मैं मस्जिद में नमाज पढ़कर अपने दिन की शुरूआत करता हूँ और फिर अपने प्रियजनों से मिलता हूँ। आमतौर पर हम हर साल परिवार और दोस्तों के लिये दावत रखते हैं और खान-पान के साथ जश्न मनाना इस त्यौहार की निशानी है। ईद के लिये मेरे पसंदीदा पकवान हैं बिरयानी और शीर-कुर्मा, लेकिन मेरी पत्नी चिकन टिक्का, कबाब और कई तरह की मिठाइयाँ हमारे मेहमानों के लिये भी बनाती है। साथ मिलकर लजीज़ खाने का मजा लेना हमेशा बेहतरीन लगता है। एक महीने के रोजे के बाद ईद एक इनाम जैसी लगती है और मुझे इस त्यौहार की सादगी पसंद है। मैं हर किसी की शांति और खुशी के लिये प्रार्थना करता हूँ।''



टिम्मी का किरदार निभाने के लिये हाल ही में इस शो से जुड़े इमरान नज़ीर खान ने ईद पर अपना रोमांच व्यक्त करते हुए कहा, ''यह साल मेरे लिये खासतौर से मायने रखता है, क्योंकि मैं जम्मू-कश्मीर में अपने होमटाउन चैकीबल गाँव से दो साल दूर रहने के बाद लौट रहा हूँ। इस दिन वहाँ जो जश्न होता है, वह सचमुच देखने लायक है। घर लौटने का मतलब है अपने प्यारे लोगों से मिलना और इसके लिये ईद से बेहतर मौका क्या हो सकता है? मैं मुंबई में भी रोजा रखता हूँ, लेकिन शूटिंग करते हुए अकेले रहकर इफ्तार का इंतजाम करना मुश्किल होता है। हालांकि अल्लाह की मदद से मैं अपने दम पर चीजों को संभाल लेता हूँ। मुझे घर पर अपने परिवार के साथ ईद मनाने का बड़ा इंतजार है और मैं पहली बार अपनी भतीजी और भतीजे से भी मिलूंगा।''

# ''रोल चाहे लीडिंग हो या सपोर्टिंग, इससे फर्क नहीं पड़ता, वह बस दिलचस्प और विविधतापूर्ण होना चाहिये''

विश्वनाथ चटर्जी टेलीविजन, ओटीटी और फिल्मों में जाना-माना नाम हैं और अब वे एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में हप्पू के वकील दोस्त बेनी के हंसाने वाले और अनोखे किरदार के चलते बहुत लोकप्रिय हो गये हैं। वह अपने दोस्त हप्पू (योगेश त्रिपाठी) को बार-बार मुसीबतों से बचाकर अपनी दमदार कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को गुदगुदा रहे हैं। इस इंटरव्यू में उन्होंने मनोरंजन उद्योग में अपने सफर, अपने मौजूदा शो और आगामी प्रोजेक्ट्स पर बात की।

**आपकी राय में कौन-सी बात बेनी के किरदार को दर्शकों के लिये इतना चहेता बनाती है?**

मेरे किरदार बेनी को दर्शकों से जो प्रतिक्रिया मिली है, उसे देखकर मैं बहुत खुश हूं और इतना प्यार देने के लिये मैं उनका जितना भी शुक्रिया करूं, कम होगा। जब भी बेनी के दोस्त और साले हप्पू पर परेशानी आती है, तब बेनी की चतुराई देखने लायक होती है। वह सारी परेशानियों में हप्पू के साथ खड़ा रहता है, लेकिन कभी-कभी खुद भी समस्या का कारण बन जाता है (हंसते हैं)। हमारे किरदार हप्पू और बेनी जिन कठिनाइयों से गुजरते हैं और फिर हंसी दिलाने वाले जिन गेट-अप्स में आते हैं, उनके कारण ही दर्शक हमारे शो को लगातार देखते हैं।

**आप लंबे समय से फिल्मों और टीवी में कॉमेडी कर रहे हैं। क्या इसमें आप सहज रहते हैं?**

एक्टर के तौर पर मुझे एक ही जोनर में काम करते रहने के बजाए एक्सपेरिमेंट करना पसंद है। मैंने अपने कॅरियर में कॉमेडी भूमिकाएं निभाने का बड़ा मजा लिया है। दर्शकों को हंसाना किसी भी परफॉर्मर के लिये सबसे कठिन कामों में से एक है और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सकता हूँ। मेरे शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में मेरा ह्यूमर हालातों के मुताबिक और हल्का-फुल्का होता है, जिसके कारण मैं तुरंत दर्शकों से जुड़ जाता हूँ। और मुझे भी इसमें मजा आता है। लेकिन फिर भी मैं कुछ गंभीर किरदार निभाना चाहूंगा, खासकर निगेटिव रोल। मैं अच्छी तरह से गढ़ा गया एक किरदार निभाना चाहता हूँ, जो अपनी छाप छोड़े। चाहे रोल लीडिंग हो या सपोर्टिंग, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है, बस वह दिलचस्प होना चाहिये और उसमें वैरायटी होनी चाहिये और वह मनोरंजक होना चाहिये।



**क्या पर्दे के पीछे भी योगेश (हप्पू) के साथ आपका ऐसा ही रिश्ता है?**

पर्दे पर हमें एक-दूसरे का दोस्त बने चार साल हो चुके हैं। अब हम एक परिवार की तरह हैं। शो में मेरे ज्यादातर सीन उन्हीं के साथ होते हैं और उनकी शूटिंग में हमारा बहुत वक्त बीतता है। चाहे हम सीन में न हों, साथ में बैठते हैं, चुटकुले बनाते हैं और दिल खोलकर हंसते हैं। हम रिहर्सल के दौरान एक-दूसरे की टांग खींचते रहते हैं, जिसमें बड़ा मजा आता है। मैं आसानी से कह सकता हूँ कि अगर हम साथ हों तो 'हप्पू की उलटन पलटन' के सेट पर कोई पल नीरस नहीं होता है, क्योंकि हम अपनी हरकतों से सभी को हंसाते हैं।

**लगातार फिल्में करने के बाद आप किस कारण से टीवी पर लौटे?**

एक्टर के तौर पर मुझे अच्छा काम चाहिये, चाहे प्लेटफॉर्म कोई भी हो। मेरी दोस्त कविता कौशिक ने निर्देशक शशांक बाली को उनके एक शो के लिये, मेरा कॉन्टैक्ट नंबर दिया था, और उस शो में मैंने एपिसोडिक किरदार किये थे। मेरे अभिनय से वह काफी प्रभावित हुए। लेकिन मैंने सोचा नहीं था कि उनके साथ मेरा रिश्ता इतना लंबा चलेगा।

## 'हम रहें न रहें हम' में शिवेंद्र बारोट के रोल में जय भानुशाली ने दिखाया अपना शाही अंदाज़!

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की नई पेशकश 'हम रहें ना रहें हम' दर्शकों के लिए एक मनोरंजक कहानी लेकर आया है, जो दमयंती और सुरीली का सफ़र दिखाता है। जहां दमयंती रनकगढ़ के शाही बारोट खानदान की सख्त, सिद्धांतवादी और परंपरावादी मुखिया हैं, वहीं सुरीली नई सोच रखने वाली एक ज़िंदादिल लड़की है। बदलाव डर पैदा करता है और आमतौर पर लोग या तो इससे जूझते हैं या इससे? दूर भागते हैं। यह शो बदलाव का विरोध करने की इसी इंसानी फ़ितरत में झांकता है। ज़िंदगी के करीब इस प्रेरणादायक कहानी में किट्टू गिडवानी दमयंती बारोट और टीना दत्ता सुरीली अहलूवालिया का रोल निभा रही हैं और जय भानुशाली शिवेंद्र बारोट के रोल में हैं। दमयंती देवी के बड़े बेटे शिवेंद्र सिंह बारोट, बारोट खानदान की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, जो एक न्यायप्रिय और नेकदिल इंसान हैं। जय भानुशाली इस आकर्षक व्यक्तित्व वाले राजकुमार की भूमिका निभा रहे हैं, जो पूरी तरह से बारोट खानदान के व्यावसायिक साम्राज्य के लिए फ़ायदे के सौदे करने पर ध्यान देते हैं। जय भानुशाली बताते हैं कि इस दमदार किरदार को विश्वसनीय ढंग से निभाने और शाही लहज़े को बखूबी पर्दे पर उतारने के लिए? उन्होंने असल ज़िंदगी में भी शाही तौर-तरीके अपनाने शुरू कर दिए हैं। इस बारे में बात करते हुए शिवेंद्र बारोट की भूमिका निभा रहे जय भानुशाली कहते हैं, ÷जब मैंने इस किरदार के बारे में जाना, तो मुझे लगा कि शिवेंद्र, जो बारोट खानदान के राजकुमार हैं, एक शालीन व्यक्तित्व हैं, जो विनम्रता और सम्मान के साथ पेश आते हैं। वो 'मैं' के बजाय 'हम' कहते हैं। वो बेपरवाह नहीं हो सकते, उन्हें एक खास तरह की गंभीरता और बोलचाल का तरीका अपनाना होता है, जिसमें शाही अंदाज़ झलकता हो। इन खासियतों को अपनाने के लिए मैं असल ज़िंदगी में भी अपने परिवार और दोस्तों के साथ शाही अंदाज़ में बात करने लगा हूं। मैं अपने बोलने की रफ्तार को नियंत्रित करने और जितना हो सके धीरे बोलने की कोशिश करता हूं। इस नियमित प्रैक्टिस से मुझे राजकुमार शिवेंद्र के व्यक्तित्व को सामने लाने में मदद मिलती है।



## वाचो ऑरिजिनल पेश करता है 'मनघड़ंत'

16 अप्रैल 2023÷वाचो, भारत में तेजी से बढ़ते हुई ओटीटी प्लेटफॉर्मों में से एक ÷मनघड़ंत÷ शीर्षक से सनसनीखेज और रहस्य-रोमांच से भरी हत्या की कहानी पर आधारित सीरीज़ का प्रीमियर रिलीज़ करने की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित है। यह सीरीज़ रोमांच से भरी है, सस्पेंस से भरी है, वफादारी और धोखेबाज़ी से भरी है, और प्यार और गुस्से से भी भरी है। यह दर्शकों को भावनात्मक उलटफेर की यात्रा पर ले जाती है और खतरनाक परिणामों का पर्दाफाश करती है जो उन्हें अंत तक बांधे रखते हैं। संजीव चधा द्वारा निर्देशित और सिक्स सेंस एंटरटेनमेंट और शौशा एंटरटेनमेंट द्वारा




निर्मित, यह 8 भागों की हिंदी वेब सीरीज 14 अप्रैल 2023 से वाचो ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म पर एक्सक्लूसिव रूप से प्रीमियर होने जा रही है। यह सीरीज़ मशहूर मूवी राइटर माधव बक्शी की पत्नी रचना बक्शी की हत्या के आसपास घूमती है। पुलिस अधिकारी इंस्पेक्टर पार्थ की मंत्रमुग्ध कर देने वाली अदाकारी और इसकी रोचक कहानी दर्शकों को अपनी स्क्रीन पर जकड़े रखेगी। इसके विभिन्न पात्रों और इसकी कहानी का ताना-बाना दर्शकों को प्रत्येक एपिसोड के साथ अनोखी और अचरज भरी पटकथा से रूबरू कराएगा। मनघड़ंत शक्तिशाली चरित्रों पर आधारित धारावाहिक है, जिसमें प्रिंस रॉड, राजू खेर, रिब्बू मेहरा, डॉली चावला, सत्यम्वदा सिंह, रौनक भिंडर, संगीता ओदवानी, आनंद अजय, श्वेत सिन्हा, अवेज़ खान, राम प्रसाद मिश्रा, समृद्धि चड्ढा, अंकुर मल्होत्रा और प्रवीण बाबा जैसे मंजे हुए कलाकारों की जुगलबंदी देखने का मिलेगी जिन्होंने अपनी-अपनी अनूठी चरित्र भूमिकाओं में जान डाल दी है। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, डिश टीवी एवं वॉचो, डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट हेड-मार्केटिंग, श्री सुखप्रीत सिंह ने कहा, ÷वाचो दर्शकों को विभिन्न शैलियों की रोचक प्रस्तुतियों से जुड़े रखने का प्रयास करता है।

## कलाकारों ने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अपनाईं ये आदतें

वर्ल्ड अर्थ डे हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाता है, ताकि प्रकृति को बनाये रखने और भविष्य के लिये अपनी धरती को स्वस्थ बनाने के महत्व पर जागरूकता फैलाई जा सके। एण्डटीवी के कलाकार मिक्की डुडाने (वरूण शर्मा, 'दूसरी माँ'), योगेश त्रिपाठी (दरोगा हप्पू सिंह, 'हप्पू की उलटन पलटन') और शुभांगी अत्रे (अंगूरी, 'भाबीजी घर पर हैं') हमारी धरती और उसके संसाधनों की सुरक्षा के तरीके और सुझाव बता रहे हैं। मिक्की डुडाने, यानि 'दूसरी माँ' के वरुण शर्मा ने कहा, ''पर्यावरण की सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने के लिये जीवनशैली में कुछ आसान से बदलाव जरूर करने चाहिये। मैं लोगों से जितना हो सके, रिसाइकल और रियूज करने का आग्रह करता हूँ, ताकि प्राकृतिक संसाधनों को बचाया जा सके। प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचें और दोबारा इस्तेमाल होने योग्य थैलियों का उपयोग करें। मैं यह भी सुनिश्चित करता हूँ कि अनावश्यक रूप से कोई भी प्लास्टिक का कचरा या पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने वाला दूसरा कचरा न बने। मैं चाहता हूँ कि लोग प्रकृति पर थोड़ा ज्यादा ध्यान दें, क्योंकि हम प्रकृति को बचाने के लिये आज जो करते हैं, उससे हमें वह पर्यावरण मिलेगा, जिसकी हमें चाहत है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह, यानि योगेश त्रिपाठी ने कहा, ''पर्यावरण की सुरक्षा के लिये प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण जरूरी है। मैं अपने बेटे दक्षेश को हर संभव तरीके से पानी और बिजली बचाने की सीख देता हूँ। मैं उसे वह छोटे-छोटे उपाय भी बताता हूँ, जिनका पर्यावरण पर ठोस प्रभाव हो सकता है। हमने पानी बचाने के लिये अपने घर के कुछ नियम बनाये हैं, जैसे कि कपड़ों को ठंडे पानी में धोना, नहाने के बजाए शॉवर लेना और मंजन करते समय पानी नहीं बहने देना। इसके अलावा हम सब्जियाँ और फल धोने में इस्तेमाल होने वाला पानी ही अपने घर के पौधों में डालते हैं। इस दिन मैं अपने सभी प्रशंसकों से पानी और जिन्दगी को बचाने की अपील करता हूँ।'' 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी, यानि शुभांगी अत्रे ने कहा, ''ऑर्गेनिक खेती के फायदे समझने के बाद मैंने फलों के एक खेत पर काम शुरू किया और अमरूद, चीकू, आम, कटहल और जामुन महाराष्ट्र में अपने फार्महाउस पर उगाये। खेती ने मुझे प्रकृति के साथ ज्यादा कनेक्ट किया है और मैं जब भी शूटिंग नहीं कर रही होती हूँ, अपना ज्यादातर वक्त खेती को देती हूँ। सच कहूं तो, ऑर्गेनिक खेती कोई नई चीज नहीं है। इसका मतलब दशकों पुराने उस वक्त में लौटने से है, जब खेती हानिकारक रसायनों या कीटनाशकों के बिना होती थी। इस अर्थ डे पर मैं ज्यादा पेड़ लगाने और ऑर्गेनिक खेती को चुनने के लिये लोगों का हौसला बढ़ाना चाहती हूँ।''







## एक नजर

### पंकज जैन बने नारायणपुर जिले के भाजयुमो जिलाध्यक्ष

**नारायणपुर, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नारायणपुर जिले के भारतीय जनता युवा मोर्चा की कमान युवा पंकज जैन को प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अरुण साव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और विजय शर्मा प्रदेश प्रभारी भारतीय जनता युवा मोर्चा की अनुसंसा पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने नियुक्त किया है। पंकज जैन के भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनते ही युवा मोर्चा के नगर से लेकर ग्रामीण इलाको के कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर दौड़ गई है और बधाई संदेश देने का तांता लगा हुआ है। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ का कहना है कि पंकज भैया युवाओं को प्रोत्साहित करने के साथ साथ युवाओं के लिए सदैव खड़े रहते है। ग्रामीण इलाको के युवाओं को खेल से लेकर हर जरूरत के समय मदद करते है उनकी एक आवाज पर हम युवा मोर्चा के कार्यकर्ता हर कार्यक्रम को सफल बनाने की कोशिश कर करते है।



### 2 करोड़ 58 लाख रुपए की लागत से बनेगा छात्रावास



**बीजापुर, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ज्ञानगुड़ी एजुकेशन सिटी परिसर में स्थित लाईवलीहुड कालेज में प्रशिक्षु युवाओं को आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु 2 करोड़ 58 लाख की लागत से छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी ने भूमी पूजन किया एवं छात्रावास के निर्माण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखते हुऐ समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य नीना रावतिया उद्दे, राज्य युवा आयोग के सदस्य प्रवीण डोंगरे, कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा, नगरपालिका उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम सल्लूर सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारीगण मौजूद थे।

### आयुष स्पेशलिटी क्लीनिक भैरमगढ़ में मरीजों का हो रहा बेहतर उपचार



**बीजापुर, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आयुर्वेद विभाग बीजापुर द्वारा पुराने जटिल से जटिल रोगों का ईलाज कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदाय की जा रही है, ब्लाक स्तर में संचालित आयुष औषधालयों में मरीजों को बेहतर परिणाम मिल रहा है जिससे लोगों का आयुर्वेद के प्रति रूझान देखने को मिल रहा है। ऐसे ही एक मरीज मालती देवांगन जिनका उम्र 65 वर्ष बताया गया। जिन्होनें आयुष स्पेशलिटी क्लीनिक भैरमगढ़ में अपने जोड़ो के दर्द का ईलाज कराया, मालती देवांगन ने बताया कि विगत 3 वर्षों तक जोड़ो के दर्द से परेशान थी कई जगह ईलाज कराया लेकिन दर्द से छुटकारा नहीं मिला। फिर मुझे लोगो ने आयुर्वेद अस्पताल में ईलाज कराने की सलाह दी फिर मैने भैरमगढ़ के आयुष क्लीनिक में ईलाज कराया अब मुझे दर्द से छुटकारा मिल गया बहुत राहत महसूस कर रही हूं। 15 दिनों के दवाई का सेवन किया जिसमें योग राज गुग्गल, आर्थोएच टेबलेट, महानारायण मालिश तेल, वातान्तक सीरप, अभ्यारिष्ट एवं दशमलारिष्ट जैसे औषधी दिया गया था। डाक्टर के परामर्श के अनुसार दवाईयों का सेवन करके मै पूर्ण रूप से ठीक हूं और दर्द से निजात दिलाने एवं मेरा बेहतर उपचार करने के लिए मै आयुष विभाग का सदैव आभारी रहूंगी।

# बीजापुर में धूमधाम से मनाई गई ईद

## देश में अमन-चैन के दुआ के साथ एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 23 अप्रैल।** मुस्लिमों का पवित्र त्योहार ईद उल फित्र ईदगाह में विशेष नमाज अदा कर मनाई गई। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने 9 बजे प्रातः ईदुल फित्र की नमाज में शामिल हुये। नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिल कर ईद उल फित्र की बधाई दी।

इमाम हाफिज फरीरुदुद्दीन के द्वारा विशेष नमाज पढाई गई तथा देश में अमन-चैन तथा खुशहाली के लिए दुआ की गई । रमजान के महीने में तीस दिन तक रोजे रखने के बाद ईद उल फित्र का त्यौहार मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाया जाता है। इस त्योहार में बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग व युवा नये नये लिबास में बडे ही खुशी से इस त्योहार को मनाया। बीजापुर मुख्यालय में अंजुमन कमेंटी के जानिब से ईदगाह में साज-सज्जा की गई थी। बाहरी मेहमानों के लिए खाने का विशेष इंतज़ाम भी किया गया था। ईद उल फित्र के इस त्योहार पर जिले के बासागुड़ा, कुटरू फरसेगढ, नैमेड, आवापल्ली, उसूर तथा मोदकपाल के मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह पहुचकर ईदुल फित्र की नमाज़ अदा किए। अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर इम्तियाज खान, पूर्व सदर मकबूल खान, याकूब खान, अय्यूब खान, शमीम कुरैशी, मोहसिन खान, एजाज अहमद, तौकीर खान, इदरीश खान, इकबाल खान, सलाम खान, मंजूर आजाद, नसीर खान, मुख्तार खान, रफीक खान, हमीद खान, वसीम खान सहित समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। ईद के इस मुबारक मौके पर विधायक विक्रम मण्डावी, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, उपाध्यक्ष कमलेश कारम, नपा अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, भाजपा नेता जी वेंकट, प्रेस क्लब अध्यक्ष कमलेश पैकरा सहित अन्य शुभचिंतको ने मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारक बाद दी।

# कोरोना नियंत्रण और बचाव की सभी व्यवस्थाएं रखें दुरुस्त : चंदन कुमार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 23 अप्रैल।** जिले में कोविड के बढ़ते प्रकरण को देखते हुए कलेक्टर चंदन कुमार ने कोरोना नियंत्रण एवं बचाव की सभी व्यवस्था को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। जिला कार्यालय के आस्था कक्ष में हुई कोविड की बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कोविड केयर सेंटर की व्यवस्था, कोविड के लिए डेडीकेटेड चिकित्सक, स्टॉफ तथा आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता, होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों की लगातार मॉनीटरिंग के लिए डेडीकेटेड टीम, गंभीर मरीजों के लिए संस्थागत इलाज की सुविधाओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने महारानी तथा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी कोविड हेतु बेड आरक्षित रखने के निर्देश दिए। कोरोना की जांच वर्तमान में महारानी अस्पताल, मेकॉज और एक मोबाइल यूनिट के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें मोबाइल यूनिट को प्रमुख स्थलों पर विशेष रूप से भेजने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की मेडिकल यूनिट में भी जांच कीट रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने महारानी तथा मेकॉज में दवाईयों की उपलब्धता, ऑक्सीजन प्लॉट की स्थिति, एम्बुलेंस की व्यवस्था का भी संज्ञान लिया। कलेक्टर ने कोरोना बचाव हेतु लोगों को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही कोविड पॉजिटिव व्यक्ति के नजदीकी परिजनों का टेस्टिंग करने कहा।

### हाई मास्ट लाइट का शुभारंभ



**भोपालपटनम, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर में हाईमास्ट लाईट का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिक सहित जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# विधायक ने 137 हितग्राहियों को बांटा वन अधिकार मान्यता पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**फरसगांव, 23 अप्रैल।** कोण्डागांव जिले के फरसगांव ब्लाक अंतर्गत निवासरत ग्रामीणों को अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम के तहत वन अधिकार मान्यता पत्र एवं ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया। शनिवार 22 अप्रैल को फरसगांव में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं केशकाल विधायक संतराम नेताम के हाथों से फरसगांव विकासखंड के कुल 137 हितग्राहियों को वन अधिकारी मान्यता पत्र बांटा गया है जिसमे नगर पंचायत फरसगांव के 40 एवं जनपद पंचायत फरसगांव के 97 हितग्राही लाभान्वित हुए।

इस दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी एवं परंपरागत निवासियों के अधिकारों का संरक्षण करने के लिए पहल की गई है यह सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि बस्तर के सभी विधायकों ने मुख्यमंत्री से मांग किया था कि जल्द से जल्द सभी पात्र हितग्राहियों को अधिकार पत्र दिया जाए। परिणामस्वरूप बस्तर के निवासियों की जल जंगल जमीन की मांग पूरी हुई है। पूरे प्रदेश में कोंडागांव जिले के सर्वाधिक हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र बांटा गया है।

# विधायक विक्रम मंडावी ने किया मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 23 अप्रैल।** महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत जल संरक्षण के कार्य प्रमुखता से लिए जाते हैं। प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन केटेगिरी अंतर्गत जल संरचनाओं का निर्माण कर जल स्तर बनाने एवं मिट्टी में नमी बनाए रखना इसका प्रमुख उदेश्य है। इन्हीं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी ने जनपद पंचायत भैरमगढ़ के डारापाल ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में उपलब्ध जल स्त्रोतों का तकनीकी अमलों के साथ निरीक्षण किया साथ ही मनरेगा अंतर्गत चल रहे कुआं निर्माण कार्य का भी अवोलोकन कर संबंधित हितग्राही एवं रोजगार सहायक सुंदरू कोरसा को कार्य जल्द पूरा करने को कहा। खोदे गए कुएं में जल स्तर को देख कर विधायक ने प्रसन्नता जाहिर की। रोजगार सहायक को प्रमुखता से कुआं निर्माण कराने को कहा ताकि जल संरक्षण के साथ बाड़ी में सब्जी उत्पादन से आजीविका के अवसर भी उपलब्ध हो सके। इस दौरान भैरमगढ़ एसडीओ एमआर नेताम एवं अन्य जनपद स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधायक की संवेदनशील पहल से बोन कैंसर पीड़ित राकेश को मिली नई जिंदगी

**बीजापुर 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधायक विक्रम शाह मंडावी जरूरत मंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और शासन-प्रशासन से समन्वय स्थापित कर जिले के नागरिकों का हर संभव मदद करने का प्रयास लगातार करते आ रहे हैं। जिससे लोग खुलकर अपनी बाते रखकर समस्याओं से अवगत कराते हैं। यह बात गोल्लागुड़ा के बोन कैंसर पीड़ित युवा राकेश लंबाड़ी ने बताया। राकेश ने अपने परिवार की परिस्थिति और कैंसर के ईलाज के बारे में विस्तार से बताते हुऐ कहा कि वह बीएससी प्रथम वर्ष का था। जब पिछले साल कैंसर होने की बात पता चली राकेश का पिता इस दुनिया में नहीं है। उसकी मॉ रोजी-मजदूरी कर राकेश एवं उनके दो बहनो का पालन-पोषण कर शिक्षा दिला रही है। घर की आर्थिक स्थिति कमजोर है। ऐसे में सालभर पहले घुटने में दर्द का शिकायत होने पर जगदलपुर में ईलाज के दौरान बोन कैंसर होने की पुष्टि हुई खबर को सुनकर राकेश और उसके पूरे परिवार के ऊपर पहाड़ टूट गया। एक तरफ बच्चों का परवरिश और उसके बाद इतनी बड़ी बीमारी का डर और खर्च का डर पूरे परिवार को हिलाकर रख दिया। तभी डॉ भवर लाल शर्मा ने सुझाव दिया कि समय रहते ईलाज कराना जरूरी है।



## समाचार संक्षेप

### सिविल सेवा दिवस पर प्रियंका शुक्ला ने दूरस्थ व ट्राइबल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा पर विज्ञान भवन दिल्ली में दिया व्याख्यान

**उत्तर बस्तर कांकेर, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सोलहवां सिविल सेवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 20 एवं 21 अप्रैल को आयोजित होलिस्टिक हेल्थ केयर फार आल हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर विषय अन्तर्गत दूरस्थ एवं ट्राइबल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सम्बंध में कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने व्याख्यान दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे छत्तीसगढ़ के कांकेर ज़िले में दूरस्थ और ट्राइबल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएँ मुहैया कराई जा रही है। इसमें उन्होंने ना केवल ज़िले के दूरस्थ क्षेत्रों में काम कर रहे कई स्वास्थ्यकर्मियों की विभिन्न केस स्टडीज़ के सम्बंध में बताया बल्कि यह भी बताया कि कैसे पूरी स्वास्थ्य टीम के सहयोग से कांकेर ज़िला कोविड वैक्सिनेशन की प्रिकॉशन डोस में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में अग्रणी रहा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि आयुष्मान भारत के पंजीयन में भी 86.62 प्रतिशत हितग्राहियों और 100 प्रतिशत परिवारों के पंजीयन के साथ कांकेर पूरे राज्य में अग्रणी है। कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने इस अवसर पर पूरे छत्तीसगढ़ में आयोजित किए जा रहे मुख्यमंत्री हाट बाज़ार क्लिनिक के बारे में भी बताया कि कैसे इस योजना के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को राज्य के ट्राइबल और अंदरूनी क्षेत्रों में अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाया जा रहा है। अकेले कांकेर ज़िले में ही अब तक 05 लाख से ज़्यादा व्यक्तियों द्वारा हाट बाज़ार क्लिनिक में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया गया है। पिछले वर्ष इन क्लिनिक में ज़िले का औसत फुटफॉल लगभग 123 व्यक्तियों का रहा जो राज्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक है।



### जिले के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला एनड्रायड मोबाइल, सूचनाओं के आदान-प्रदान में होगी आसानी




**उत्तर बस्तर कांकेर, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आंगनबाड़ी केंद्रों के सेवाओं में सुधार किए जाने हेतु राज्य शासन द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं, वेतन वृद्धि के बाद शासन द्वारा अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एक और नई सौगात दी है। जिला कार्यक्रम अधिकारी हरिकीर्तन राठौर ने जानकारी दी है कि राज्य शासन द्वारा प्राप्त एनड्रायड सैमसंग मोबाइल को जिले के सभी विकासखंडों के 2141 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वितरण किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों से संचालित योजनाओं की अपडेट जानकारी भेजने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है, जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रो के हितग्राहियों को गर्म भोजन वितरण, सुपोषण चौपाल, गृहभेंट एवं गर्भवती माताओं की जानकारी ऑनलाइन किया जाएगा। इसी प्रकार राज्य शासन को भी आंगनबाड़ी केंद्र स्तर की जानकारी तत्काल उपलब्ध होगा। उल्लेखनीय है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ द्वारा सरकार से मोबाईल की मांग लंबे समय से की जा रही थी। अब मोबाइल से आंगनबाड़ी केन्द्रों के कार्यालयीन कामकाज और सूचनाओं का आदान-प्रदान में आसानी होगी। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों से संचालित योजनाओं की जानकारी जिला मुख्यालय तक भेज सकेंगे। मोबाइल फोन मिलने से जिले के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### गोधन न्याय योजना एवं खरीफ की तैयारी के लिए समीक्षा बैठक आयोजित



**उत्तर बस्तर कांकेर, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार कार्यालय उप संचालक कृषि के सभाकक्ष में अनुभाग कांकेर एवं भानुप्रतापपुर के अंतर्गत समस्त मैदानी अमलों का समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुविभागीय कृषि अधिकारी कांकेर, भानुप्रतापपुर एवं सातों विकासखंडों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थे। गोधन न्याय योजना अंतर्गत गौठानों में समस्त संचालित गतिविधियों पर समीक्षा की गई, कुछ गौठानों में कार्यरत महिला स्व-सहायता समूहों को लाभांश राशि का भुगतान असफल होना पाया गया, साथ ही गोबर विक्रेताओं का भुगतान लंबित होना तथा प्रत्येक गौठानों में 30 क्विंटल से कम गोबर की खरीदी, साथ ही गौठानों में पैरा की उपलब्धता की अद्यतन जानकारी के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई, इसके पश्चात खरीफ कार्यक्रम 2023 की तैयारी हेतु केन्द्र प्रवर्तित योजना एवं राज्य पोषित योजनाओं की प्रस्तावित लक्ष्यानुसार शत प्रतिशत प्रगति लाने हेतु इसके क्रियान्वयन के संबंध में आवष्यक दिषा निर्देश मैदानी अमलों को दिया गया। गोधन न्याय योजना अंतर्गत जिन मैदानी अमलों की प्रगति अल्प होने पर स्पष्टीकरण दिया जा रहा है।

### उद्यानिकी फसल की खेती से श्यामा बनी लखपति



**उत्तर बस्तर कांकेर, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम बादल निवासी कृषक श्यामा बाई नेताम के पास 08 एकड़ जमीन है, जिसमे से 05 एकड़ में धान एवं अन्य फसल की खेती करती थी, शेष 03 एकड़ जमीन बंजर था। उस जमीन में उद्यानिकी फसल लगाने के बारे में योजना बनायी। जिसमें नलकूप, फेंसिंग एवं भूमि समतलीकरण कर उद्यान विभाग के अधिकारी से मिलकर उद्यानिकी फसलों की खेती के साथ-साथ विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी ली। श्यामा बाई नेताम बताती है कि राज्य पोषित योजना वर्ष 2018-19 अंतर्गत आम विभागीय योजना के तहत रकबा 0.50 हेक्टयर में 50 कलमी आम के पौधों के विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन में रोपण किये। इस योजना में उद्यान विभाग द्वारा 05 हजार 469 रूपये पांच वर्ष तक पौधों के खाद दवाई एवं रखरखाव हेतु अनुदान प्राप्त हुआ। आम पौधों के बीच में खाली जगहों पर स्वयं के खर्च से नागपुर से कागजी नींबू के 150 पौधे खरीद कर उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के तकनीकी मार्गदर्शन में रोपण किए। वर्ष 2022 -23 में आम के पौधों में फलन आना शुरू हुआ, जिसमें प्रथम फलन में ही 02 हजार किलोग्राम को धमतरी के मंडी में विक्रय किये, जिससे 75 हजार रुपये प्राप्त हुआ। उद्यानिकी विभाग में संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना वर्ष 2021-22 में केला क्षेत्र विस्तार योजना रायपुर से 1800 नग टिशू कल्चर केला पौधे का 2-2 मीटर के अंतराल में रोपण किया जिसमें विभाग के तरफ से 18 हजार 750 रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ। केले की फसल में समय-समय पर खाद दवाई डालने के लिए उद्यान विभाग के अधिकारियों द्वारा बारीकी से बताया गया। केला की प्रथम कटाई से 01 लाख 50 हजार रुपये प्राप्त हुये।

■ बस्तर चेंम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज बीजापुर ब्रांच सुषमा विंग्स एवं जिला प्रशासन की पहल से बीजापुर में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

# बीमारियों से घबराए नहीं समय पर इलाज करवाएं : विक्रम मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 23 अप्रैल।** बस्तर जैसे दूर-दराज इलाको में कैंसर मरीजों को चिन्हित करने के साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने बीजापुर में पहली बार 22 अप्रैल को मेगा हेल्थ का आयोजन हुआ। कैम्प का शुभारंभ करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी प्रसन्नता जाहिर करते हुए सभी विशेषज्ञों और डाक्टरों और पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और इस तरह के आयोजन जिले मे अनवरत होने की मंशा जाहिर की ताकि सुदूर क्षेत्रों के ग्रामीणों को कैंसर जैसे घातक बीमारियों के ईलाज और उसके बचाव के लिए जागरूकता आ सके। कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने मेगा हेल्थ कैम्प के आयोजन पर खुशी जाहिर करते हुए जिले के नागरिकों को इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य नीना रावतिया उद्दे, युवा आयोग के सदस्य प्रवीण डोंगरे, नगरपालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी गण, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सुषमा विंग्स और बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज बीजापुर ब्रांच के संयुक्त तत्वावधान एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित इस हेल्थ कैम्प जिसमें राजधानी रायपुर से लेकर सम्भाग मुख्यालय के विशेषज्ञ चिकित्सक निःशुल्क सेवा दी गई। बीजापुर में यह पहली बार है, जब नक्सल प्रभावित इस इलाके बड़े स्तर पर मेडिकल कैम्प का आयोजन हो रहा है. कैम्प को आरोग्यम का नाम दिया गया है. सुषमा विंग्स की अध्यक्ष शशि गुप्ता ने बताया कि सुषमा विंग्स एक पंजीकृत संस्था है, जो 2017 से निःशुल्क हेल्थ कैम्प के जरिये कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है।

### सुबह दस बजे से शाम 4 बजे तक चला मेगा हेल्थ कैंप

सुबह10.00 बजे से शुरू होकर शाम 4.00बजे तक मेगा हेल्थ कैम्प चला जिसमे 16 विशेषज्ञ डाक्टरो की टीम मरीजो के स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया, कैम्प में शुगर ओर बीपी टेस्ट सहित आँख जांच की भी व्यवस्था थी।

### पंजीयन के लिए निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

बीजापुर जिले के गणमान्य नागरिक, समाज सेवी संगठन एवं व्यवसायी ने सफलतापूर्वक कैम्प के आयोजन और जिले के नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पंजीयन मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसमें दिनेश मेडिकल बीजापुर, राजू गांधी, ईश्वर सोनी, श्रीमतीपुष्पा रोकड़े माजीसा मेडिकल बीजापुर, देवी मेडिकल भोपालपटनम बालाजी मेडिकल मद्देड़ महालक्ष्मी मेडिकल स्टोर नैमेड़ शामिल है।

# कई चोरी करने वाले दो गिरोह को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 23 अप्रैल।** मेला स्थलों व सूने मकान व दुकान में चोरी के करने वाले दो गिरोह को पकड़ने में सफलता मिली है। जामगांव आर, अंडा, नेवई, उतई आदि थाना क्षेत्रों में हुई लगभग 10 चोटियों का खुलासा पुलिस ने किया है। इनमें से एक गिरोह धार्मिक सभा स्थलों व मेला स्थलों पर भीड़ का फायदा उठाकर लोगों की जेव व पर्स काटते थे। वहीं दूसरा गिरोह सूने मकान व दुकानों को निशाना बनाता था। पुलिस ने तीन नाबालिग सहित कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक गिरोह में तो तीन महिलाएं शामिल हैं दुर्ग एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने खुलासा किया है। उक्त सभी मामलों में अकेले जामगांव आर में 3 चोरी के मामले दर्ज हुए। इसके अलावा उतई में 6 मामले तथा अंडा व वई में एक-एक मामला दर्ज था। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए एसपी पल्लव ने संबंधित थानों को विशेष निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस



व एसीसीयू की टीमें चोरों की तलाश में लगी रही

**नाबालिगों के साथ करता था चोटी**

पतासाजी के दौरान पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज के आधार पर संदेहियों को हिरासत में लिया। आरोपी रजवाड़ा भवन मोरा निवासी तिलेश्वर जांगड़े ने बताया कि वह अपने तीन नाबालिग साथियों के साथ सूने मकानों व दुकानों को निशाना बनाता है। इनके द्वारा उतई, अंडा व नेवई थाना क्षेत्र में करीब 7 अलग अलग जगह चोरियां की। आरोपियों के पास से लगभग 3 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया गया कर्मा जयंती कार्यक्रम में चोरी दुर्ग पुलिस ने जामगांव आर क्षेत्र में कर्मा जयंती कार्यक्रम के दौरान तीन चोरियों में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। 21 अप्रैल को हुए कार्यक्रम में अलग अलग तीन महिलाओं चेन व अन्य सामग्री चोटी हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की तलाश की। इस बीच मुखबिर की सूचना पर अकलतरा निवासी सुरेन्द्र पुरहोले उसकी पत्नी रनियां पुरहोले, झलमला पामगढ़ निवासी संत कुमारी व आमा पारा रायपुर निवासी सरला साहू को हिरासत में लिया गया। पुलिस पूछताछ में सभी जामगांव आर के उक्त कार्यक्रम में चोरी करना बताया। इनके पास चोरी गई मशरुका सोने की चैन एवं आर्टिफिसयल ज्वेलरी जुमला कीमती लगभग 70 हजार व घटना में प्रयुक्त कार जब्त किया गया है उक्त कार्यवाही में एसीसीयु से सउनि शमित मिश्रा, सउनि पूर्ण बहादुर, सउनि राजेश पाण्डेय, सउनि चंद्रशेखर सोनी, प्र0आर0 रूमन सोनवानी, आरक्षक पंकज चतुर्वेदी, राजकुमार चंद्रा, अनुप शर्मा, थाना जामगॉव (आर) से सउनि जितेन्द्र चंद्राकर, आरक्षक जय प्रकाश साहू, राजीव दुबे, श्रवण साहू, महेन्द्र बंजारे, प्रमोद मण्डावी महिला आरक्षक किरण सोनकर की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## एक नजर

### परशुराम जयंती पर शरबत वितरण

**महासमुंद 23 अप्रैल।** भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को पार्षद मनीष शर्मा ने शास्त्री चौक में लस्सी और शरबत वितरित की। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी तिवारी, संदीप, सुशील शर्मा, दिलीप तिवारी, अश्वनी शर्मा, मंजू शर्मा, शुभ्रा शर्मा, अनुपम त्रिपाठी, शेष नारायण द्विवेदी, दीपक तिवारी, प्रकाश शर्मा, अभिषेक शर्मा, राजेश शर्मा सहित ब्राह्मण समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### मंत्री लखमा का कांग्रेस भवन चौक में किया गया स्वागत

**महासमुंद 23 अप्रैल।** कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा शनिवार को एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने जिला मुख्यालय पहुंचे। कांग्रेस भवन के सामने नेहरू चौक में कांग्रेसजनों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष के साथ नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, लक्ष्मी देवांगन, ब्रिजेन बंजारे, ममता चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, लता कैलाश चंद्राकर, गुरमीत चावला, राजेंद्र चंद्राकर, सुरेश द्विवेदी, गोविंद साहू, सोमेश दवे, तुलसी साहू, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, प्रदीप चंद्राकर, प्रकाश आजमानी, मेहुल सूचक, सचिन गायकवाड़, निर्मल जैन, रिंकू चंद्राकर, बादल मक्कड़, शहबाज राजवानी, बसंत चंद्राकर, गोपी पाटकर, गणेश ध्रुव, सन्नी महानंद आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता निर्मल जैन ने दी।

### छत्तीसगढ़ सम्मान निधि योजना का किया हेमराज ने स्वागत

**अंवरी 23 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना जनहित में कार्य हेमराज



विश्वकर्मा राज्य शासन द्वारा प्रदेश की समुदायिक विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के तीज त्यौहार एवं परंपरा को सुरक्षित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जी आदरणीय भूपेश बघेल जी छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना प्रारंभ किया इस योजना से गांव की जो परंपरा है वह हमेशा बना रहेगा और आने वाली पीढ़ी इस त्यौहार को जान सकेंगे।

### अमावश में यादव समाज के लिए कराया जाएगा सामुदायिक भवन का निर्माण



**महासमुंद 23 अप्रैल।** ग्राम पंचायत बेलटुकरी के आश्रित ग्राम अमावश में यादव समाज के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। यादव समाज के पदाधिकारियों की मांग पर संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने विधायक निधि से भवन निर्माण के लिए तीन लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। जिस पर समाज के लोगों ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है। आज शनिवार को ग्राम अमावश के यादव समाज के पदाधिकारी संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान यादव समाज के लोगों ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर को बताया कि ग्राम अमावश में यादव समाज का एक भी सामाजिक भवन नहीं है। जिससे सामाजिक गतिविधियों के आयोजन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लिहाजा यहां एक सामाजिक भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### आलमारी से चेन चुराकर भागा

**महासमुंद, 23 अप्रैल।** घर की आलमारी से चांदी की चेन लेकर फरार हो गया। इस दौरान घरवालों ने उसे पकड़ने का प्रयास भी किया लेकिन, वह भाग निकला। मामला पटेवा थाना क्षेत्र का है। ग्राम झलप निवासी पिताम्बर मेहर (22) ने पुलिस को बताया कि बीते 18 अप्रैल की रात वे लोग खाना खाकर अपने कमरे में सोने चले गए। रात करीब साढ़े 11 बजे कमरे से कुछ तोड़ने की आवाज आई तो उसकी नींद खुल गई। जाकर देखा तो छिलपावन निवासी शेख सकील खान आलमारी खोलकर सामान को तितर-बितर कर खोजबीन कर रहा था।

### तालाब में डूबने से मौत

**महासमुंद, 23 अप्रैल।** बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम बकमा के तालाब में एक बुजुर्ग की लाश मिली है। पुलिस ने जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया है। 18 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे ग्राम बकमा निवासी परेदशी राम यादव (70) लकवाग्रस्त थे। शाम को निस्तारी के लिए तालाब की ओर गए थे। तालाब में हाथ-पैर धोने के दौरान उनका पैर फिसल गया जिससे तालाब में गिर गए। डूबने से मौत हो गई।

### अज्ञात युवक का शव मिला

**महासमुंद, 23 अप्रैल।** भंवरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम पैता में एक अज्ञात शव मिला है। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सोशल मीडिया पर मृतक की तस्वीर साझा कर पहचान करने की अपील की है। लाश दो से तीन दिन पुरानी बताई गई है।

# जिलेवासियों से कोविड-19 से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील

**बीजापुर 23 अप्रैल।** कोविड-19 वैश्विक महामारी के नियंत्रण व प्रबंधन हेतु भारत सरकार व राज्यसरकार के द्वारा दिशा-निर्देश जारी किया गया है। देश के कुछ राज्यों सहित छत्तीसगढ़ राज्य एवं जिला बीजापुर में कोरोना के संक्रमित मरीजों की संख्या में वृद्धि दर्ज की जा रही है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के सहयोग से कोविड-19 से निपटने हेतु उचित सर्वेक्षण जांच एवं उपचार तंत्र को पूर्णरूप से सक्रिय करने हेतु 11 अप्रैल 2023 को जिले भर में मॉकड्रिल आयोजित किया जाकर जिला अस्पताल के उमंग भवन में 50 विस्तरों का डेडिकेटेड कोविड अस्पताल तथा 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 10-10 बिस्तर का कोविड केयर सेंटर की तैयारी पूर्ण कर ली है तथा चिकित्सीय उपकरणों की क्रियाशीलता, दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई एवं चिकित्सकीय अमलों की भी उपलब्धता का आंकलन किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने जिले के समस्त नागरिकों से कोविड-19 से बचाव के लिए कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मास्क लगाकर घर से बाहर निकले व भीड़-भाड़ वाले इलाके में जाने से बचें, 2 गज दूरी बनाये रखे, साबुन सेनेटाईजर से बार-बार हाथ धोएं, खांसते व छींकते समय मुंह को ढंक ले, उच्च जोखिम समूह के व्यक्ति जैसे 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, गर्भवती महिला, 05 वर्ष से कम आयु के बच्चे, उच्च रक्तचाप, मधुमेह से ग्रसित व्यक्ति, केंसर अथवा किडनी रोग से ग्रसित व्यक्ति, टी.बी., सिकलसेल, एड्स आदि से ग्रसित व्यक्ति अपने स्वास्थ्य का पूर्ण ध्यान रखें। यदि किसी व्यक्ति को सर्दी-खासी, होने आदि लक्षण हो तो तत्काल नजदीक शासकीय अस्पताल में संपर्क कर कोविड-19 जांच करावे। कोविड धनात्मक मरीजों के प्राथमिक संपर्क में आने वाले व्यक्ति को भी कोविड-19 जांच कराने की समझाईस दी गई। उन्होंने कहा कि कोविड -19 बीमारी के संबंध में किसी भी प्रकार की भ्रांति हो तो नजदीकी अस्पताल अथवा जिले के कॉल सेंटर नम्बर 6265458147 में संपर्क करें।

# मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ 19 से 24 अप्रैल तक करेगा भ्रमण

■ **महिलाओं के अधिकारों, उन्हे आत्मनिर्भर, स्वावलंबी बनाने सहित कानूनी जागरूकता लाने किया जाएगा प्रचार-प्रसार**

**बीजापुर 23 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश एवं मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ के द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में महिलाओं को जागरूक करने उन्हें कानूनी अधिकार दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला कार्यालय के प्रांगण में पहुंचे रथ को जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों के विभिन्न सार्वजनिक जगहों पर महिलाओं को जागरूक करने का कार्य करेगी। महिलाओं के ऊपर हो रहे अत्याचार और उन अत्याचारों से न्याय दिलाने, घरेलू हिंसा सम्पति में बेटी का अधिकार, समाज में व्याप्त कुरीतियां, दहेज प्रथा, टोनही प्रताड़ना, शारीरिक एवं मानसिक हिंसा से मुक्ति दिलाने कानूनी अधिकारों का ज्ञान कराना, महिला अधिकार, न्याय सहित महिला उत्पीड़न, महिला एवं बेटियों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न प्रचार सामग्री का वितरण भी इस दौरान किया जाएगा। मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ का उद्देश्य प्रदेश के समस्त बेटियों एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं उनको सुरक्षा एवं अधिकार सम्पन्न बनाना है।

जिला कार्यालय के प्रांगण में रथ को रवाना करने के दौरान एसडीएम बीजापुर पवन कुमार प्रेमी, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास लुपेन्द्र महिनाग सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# शत प्रतिशत परिवारों को समूह से जोड़कर बढ़ाए समृद्धि की ओर कदम:कलेक्टर

■ **"संगठन से समृद्धि तक" महाअभियान का शुभारंभ**

**बीजापुर 23 अप्रैल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की दीनदयाल अन्तयोदय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अन्तर्गत ग्रामीण महिलाओं को समूह से जोड़कर वित्तीय प्रबंधन एवं गरीबी उन्मूलन की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर केन्द्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री गिरीराज सिंह द्वारा सोसल मोबिलाईजेशन अभियान ष्संगठन से समृद्धि तकष् महाअभियान का शुभारंभ 18 अप्रैल को किया गया। इस अवसर पर सम्पूर्ण भारत के संकुल स्तरीय संगठन, ग्राम संगठन, स्व.सहायता समूह के महिलाएं, लीड बैंक अधिकारी, बैंकर्स एवं संबधित विभाग के अधिकारी ध् कर्मचारी लगभग 6.5 करोड़ लोग विडियोंकान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थें। जिले में भी स्व सहायता समूह की महिलाओं में इस अभियान को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।



कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा बताया कि जिले में 2011 के एसईसीसी सर्वे के अनुसार कुल 49998 परिवार हैं, जिसमें से लगभग 22000 परिवार समूह से जुड़ चुके हैं। शेष छूटे लगभग 28000 ग्रामीण ग्रामीण परिवारों को महाअभियान अंतर्गत स्वसहायता समूह में जोड़ने हेतु योजना के आधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया हैं।

जिला पंचायत सीईओ रवि कुमार साहू ने व्यापक प्रचार. प्रसार, दीवार लेखन, हॉट. बजारों में मुनादी एवं नुक्कड़ सभा का आयोजन कर महिलाओं को समूह में जोड़ने निर्देशित किया।

महाभियान का प्रमुख लक्ष्य आजीविका के साधनो से जोड़कर महिलाओं को सशक्त और आम्तनिर्भर बनाने का हैं, ताकि उन्हे समृद्धि, स्वाभिमान एवं खुशहाल जीवन मिल सके व अपने अधिकार पहचान सके व हासिल कर सके। आजादी के अमृत महोत्सव . समावेशी विकास के अन्तर्गत 18 अप्रैल से 30 जून तक संगठन से समृद्धि अभियान के तहत् जो महिलाएं समूह से जुड़ने हेतु छूट गये हैं अन्य विभाग व संस्थाओं के स्वसहायता समूह व प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लाभार्थीयों को भी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में जोड़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 के महान्त तक महिलाओं को लाने का लक्ष्य रखा गया हैं।

इस अवसर पर मनीष कुमार सोनवानी, सहायक परियोजना अधिकारी, जिला पंचायत बीजापुर, सुश्री शिवरात्री भुआर्य, डीण्पीण्एम सोसल मोबिलाईजेशन, व्यंकटेश्वर सांड्रा, विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक, राजेन्द्र तलाण्डी, क्षेत्रीय समन्वयक, समस्त पीण् आरण् पीण् एवं अन्य कैडर उपस्थित रहें।

# बेरोजगारी भत्ता की राशि से किसान का बेटा करेगा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

**धमतरी 23 अप्रैल।** बेहतर और सुरक्षित भविष्य बनाना हर युवा का सपना होता है और इस मुकाम तक पहुंचने का एक मार्ग है पढ़ाई। क्योंकि ज्ञान ही है जो व्यक्ति को सर्वोच्च शिखर तक ले जाता है। देश में ऐसे कई विभूतियां हुई है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद ज्ञान प्राप्त कर देश के उच्च पदों पर आसीन होकर देश सेवा की है या कर रहे है। संपन्न परिवारों के बच्चों को शिक्षा प्राप्ति हेतु वे सभी सुविधायें समय पर बिना किसी रूकावट के प्राप्त हो जाती है, किन्तु कुछ ऐसे भी परिवार होते हैं जिनके बच्चे पढ़ना तो चाहते है, किन्तु आर्थिक स्थिति या पारिवारिक बोझ अधिक होने के कारण उनके माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान नहीं कर पाते हैं। ऐसे ही परिवार और बेरोजगार युवाओं की समस्याओं पर संवेदनशीलतापूर्वक विचार कर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बेरोजगार भत्ता योजना की शुरूआत



की है। इस योजना के तहत् प्रदेश के सभी पात्र बेरोजगार युवाओं को 2 हजार 500 रूपये प्रतिमाह उनके खातें में अंतरित किये जायेंगे, जिससे इन युवाओं को आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। धमतरी जिले के ग्राम पुरी में रहने वाले बेरोजगार युवक प्रणय साहू ने बताया कि वह एक मध्यमवर्गीय किसान परिवार का बेटा है। उसके पिता अपने 4 एकड़ खेत में खेती-किसानी का काम कर उसकी पढ़ाई बीएससी उद्यानिकी में करवा रहे हैं और प्रणय खुद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है, ताकि अच्छी नौकरी पाकर वह अपने परिवार की जिम्मेदारियों में सहयोग प्रदान कर सके। आज के इस प्रतियोगी समय में प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें खरीदने और फीस आदि भरने में बहुत अधिक खर्च होता है, और घर की परिस्थिति को देख पिता जी से इन सब के लिए पैसे मांगने की हिम्मत नहीं होती। लेकिन अब इन सब की जिम्मेदारी हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ले ली है। उन्होंने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को सुनहरा भविष्य गढने के लिए बेरोजगार भत्ता योजना की शुरूआत जो की है। इस योजना की जानकारी मिलने पर उसने ऑनलाईन पंजीयन कर उसने अपने दस्तोवजों का सत्यापन कराया है और अब वह बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए पात्र हो गया है। प्रणय कहता है कि बेरोजगारी भत्ता योजना से मिलने वाले इन पैसों का सदुपयोग वह प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें, फीस और कोचिंग आदि में करेगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की इस योजना से प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को अपने सपनो को पूरा करने में मिलेगी मदद। प्रणय अपनी और सभी बेरोजगार युवाओं की ओर से मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दे रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य के बेरोजगारों को 25 सौ रूपए बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा तथा योजना के अमल के बाद धमतरी जिले के युवाओं में इस योजना का लाभ लेने के लिए जोश देखा जा रहा है। युवाओं द्वारा इस योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाईन आवेदन किया जा रहा है। अब तक जिले के धमतरी, कुरूद, मगरलोड तथा नगरी और सभी नगर पंचायतों क्षेत्रों से 5 हजार 334 ऑनलाईन आवेदन प्राप्त हो गए है। अब तक 3 हजार 961आवेदन अनुशंसित किए गए है, जिसमे से 2 हजार 849स्वीकृत किये गए हैं।

## समाचार संक्षेप

### आदिवासी संस्कृति के संरक्षण एवं सांस्कृतिक विधाओं का होगा अभिलेखीकरण

**बीजापुर 23 अप्रैल।** कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने बस्तर विकास प्राधिकरण का समीक्षा बैठक लेते हुऐ प्राधिकरण के तहत विभिन्न स्वीकृत विकास कार्यो की प्रगति, नवीन मांगो की स्वीकृति पर व्यापक समीक्षा किया। आदिवासी संस्कृति के संरक्षण एवं सांस्कृतिक विधाओं के अभिलेखीकरण के निर्देश दिए। वहीं विकासखण्ड भोपालपटनम एवं उसूर में आदिवासियों के विरासत एवं संस्कृति के संरक्षण सर्वधन एवं परीक्षण हेतु शहीद वीर नारायण सिंह, नागूल दोरला की प्रतिमा स्थापना के कार्यो की प्रगति की जानकारी ली। पुसनार में साक्षरता और संस्कृति का मिलाजुला केन्द्र सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले में स्वीकृत देवगुड़ी मातागुड़ी का सामुदायिक वन अधिकार पत्र जारी करने, बैगा-गुनिया को शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता के लिए शतप्रतिशत पंजीयन कर उन्हे लाभान्वित करने, जिले के सभी हाट बाजार क्लीनिकों का समुचित संचालन कर ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित विभिन्न विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीएफ्ओ अशोक पटेल, सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू, एसडीएम बीजापुर पवन कुमार प्रेमी, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, आदिवासी विकास केएस मसराम सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### एक ही राज्य में पेंशनरों के लिये दो तरह के नीति नियम से अचंभित हैं पेंशनर


**रायपुर 23 अप्रैल।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार से जवाब मांगा है कि एक ही राज्य में पेंशनरों को महंगाई राहत देने के लिये अलग अलग आदेश क्यों? राज्य सरकार से आग्रह किया कि सारे बाधाओं दूर कर वरिष्ठ नागरिकों को तुरन्त दोहरी नीति त्याग कर केन्द्र के समान पूरा 42त्नप्रतिशत महंगाई राहत के आदेश जारी करने हेतु वित्त सचिव को निर्देश दे। उन्होंने आगे बताया है कि राज्य शासन द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल के पेंशनरों को केन्द्र के समान 42त्न महँगाई राहत भत्ता देने के आदेश जारी होने से राज्य के सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त कर्मचारी -अधिकारी जगत अचंभित है और यह भी गौर करने की बात है उन्हें यह लाभ केन्द्र के समान केन्द्र के ही देय तिथि से देने के आदेश प्रसारित किये गए हैं। जबकि राज्य के कर्मचारियों को और पेंशनरों के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार होता है.महंगाई भत्ता देने के आदेश जब होते है, तब उसमें केंद्र के समान क़िस्त में देय तिथि से एरियर भी देय नहीं होते है। ज्ञात हो कि राज्य के पेंशनरों को महंगाई राहत के आदेश जारी करने में राज्य सरकार के अनुसार मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के छटवीं अनुसूची के धारा 49 बाधक है जिसमें दिये गए प्रावधान के अनुसार दोनों राज्य सरकारों के सहमति के बिना महंगाई राहत की किश्तों का भुगतान नहीं किया जा सकता। इसीलिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा 30 जनवरी 23 को छत्तीसगढ़ शासन को प्रेषित सहमति प्रस्ताव पेंशनरों को 42? महंगाई राहत की किस्त ढाई महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद छत्तीसगढ़ शासन से मध्यप्रदेश शासन को सहमति नही देने के कारण आदेश लंबित है, जिसके कारण दोनों राज्य के पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स महंगाई राहत से वन्चित आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं. छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेन्शनर फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव एवं फेडरेशन से सम्बद्ध संगठन क्रमशः छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ डी पी मनहर,छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष आर पी शर्मा तथा भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष जे पी मिश्रा तथा पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष यशवन्त देवान ने कहा है कि प्रदेश के पेंशनर्स घोर निराशा में है।उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आग्रह किया है कि कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी और अन्य केन्द्रीय कांग्रेस नेताओं के बयान और कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान और अन्य राज्यों की अनुशरण कर राज्य के पेंशनरों और कर्मचारियों को केन्द्र के समान 42त्नप्रतिशत एरियर सहित महंगाई राहत-भत्ता देने के लिये आदेश प्रसारित करें। जारी विज्ञप्ति में उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित पावर कम्पनी द्वारा छत्तीसगढ़ के बिजली कर्मचारियों और पेंशनरों, परिवार पेंशनरों को 42त्न प्रतिशत महंगाई राहत देने का स्वागत कर बधाई दिया है.

### पंचायतों को दी जाने वाली परब निधि छलावा : चोपड़ा

**महासमुंद, 23 अप्रैल।** पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने एक विज्ञप्ति में प्रदेश के प्रत्येक पंचायतों को परब निधि के नाम से प्रत्येक पंचायत को दी जाने वाली दस हजार की निधि को छलावा बताते हुए इसे कांग्रेस पार्टी का फंड बताया है, जो विधायक, मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के नेताओं के स्वागत एवं आवभगत में खर्च होगा। जिस प्रकार गौठान एवं राजीव मितान क्लब का कांग्रेसीकरण कर दिया गया है। प्राप्त राशि में कांग्रेस के नेताओं में बंदरबांट होना तय है। छत्तीसगढ़िया पर्व के नाम पर कांग्रेस के नेताओं को उपकृत करना छत्तीसगढ़ की संस्कृति का अपमान है। लगातार देखने में आ रहा है कि कांग्रेस की सरकार द्वारा सरकारी खजाने की लूट कांग्रेस पार्टी को लाभ देने के लिए की जा रही है। साथ ही मुख्यमंत्री इन सब योजनाओं को लागू कर कांग्रेस के नेताओं को उपकृत कर छत्तीसगढ़ के खजानों को लुटा रहे हैं। डॉ. चोपड़ा ने रायपुर के गुढ़ियारी में मुख्यमंत्री की भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में राशन कार्ड के संबंध में यह कहना है कि केन्द्र सरकार को लिखा जाएगा, हास्यस्पद है। प्रधानमंत्री आवास की मांग पर मुख्यमंत्री अधिकारियों से चर्चा कर तत्काल पूरी करते हैं। पर राशन कार्ड जैसी छोटी मांगों को लेकर केन्द्र को बदनाम करने की कोशिश करते हैं।

### शक्ति पम्पस् ने युगांडा में सोलर पॉवर्ड वॉटर पंपिंग सिस्टम लगाने की शुरुआत की

**रायपुर 23 अप्रैल।** देश में सोलर पम्पस, प्रेशर बूस्टरपम्पस, मोटर, कंट्रोलर और इनवर्टर बनाने और निर्यात करने वाली अग्रणी



कंपनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने युगांडा सरकार से मिले ऑर्डर को सप्लाय करना शुरू कर दिया है। कंपनी ने अपने व्यवसाय को सुचारू रूप से चलाने के लिए कम्पाला में एक ब्रांच ऑफिस भी शुरू किया है। युगांडा की इस सोलर पावर्ड पाइप्ड पेयजल वितरण योजना का उद्घाटन माननीय विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकरऔर युगांडा के विदेश मंत्री माननीय जनरल जेजे अबुबखर ओडोंगोव युगांडा के जल एवं पर्यावरण मंत्री माननीय सैम मंगुशो चेप्टोरिसने किया। इस अवसर परयूगांडासरकार के वरिष्ठ सदस्यऔर शक्ति पम्पस् इंडिया लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री रमेश पाटीदार और प्रोजेक्ट हेड श्री चेतन कनोजिया भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। सोलर पॉवर्ड पंपिंग सिस्टम्स के लिए शक्ति पंप्स इंडिया लिमिटेड को युगांडा सरकार के जल एवं पर्यावरण मंत्रालय से एक कॉन्ट्रैक्ट ऑर्डर मिला है जिसकी कुल कीमत 35.30 मिलियन यूएस डॉलर (करीब 290 करोड़ रुपये) है जिसे इंडिया एक्जिम बैंक ने यूगांडा सरकार को फाइनेंस किया है। यह परियोजना 20 ग्रामीण जिलों में पांच लाख युगांडा के निवासियों को सुरक्षित और स्थायी जल आपूर्ति प्रदान करेगी। अपने इस अति महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को लेकर शक्ति पम्पस् (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री दिनेश पाटीदार ने कहा -हम बहुत खुश हैं, कि यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ रहा है।

# मुरमुंदा का ग्राम पटेल शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर कांप्लेक्स बनवा रहा





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 23 अप्रैल।** जेसीजी के महासचिव नवीन अग्रवाल के द्वारा ग्राम पटेल की मनमानी के चलते मेन चौक की जमीन पर अवैध रूप से बेजा कब्जा कर व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स बनाने की शिकायत एसडीएम से की गई।

डोंगरगढ़ विकासखण्ड के रुर्बन ग्राम मुरमुंदा में ग्राम पटेल शेखू दास साहू के द्वारा ग्राम के मेन चौक में स्थित लाखों रुपये की शासकीय जमीन में अवैध रूप से व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है। अवैध निर्माण को लेकर पटेल द्वारा धोंस जमाया जा रहा है कि उन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है इसलिए उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

शासन द्वारा ग्राम पटेल की जिम्मेदारी का निर्वहन करतें हुए मानदेय प्राप्त करनें वालें ग्राम पटेल शेखू दास स्वयं ही अतिक्रमण कर राजनीतिक पहुंच का हवाला दे रहे है। बता दे कि मुरमुंदा के मेन चौक में शेखू दास की कुछ निजी जमीन है। जिसकी आड़ में वे अपनी जमीन से लगी शासकीय भूमि में भी अवैध कब्जा करतें हुए व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण करा रहे है। इससे वे शासकीय जमीन में निजी निर्माण कर व्यवसायिक लाभ लेंगे। जबकि वे स्वयं ग्राम पटेल के रूप में शासन के प्रतिनिधि है और हर महीनें मानदेय भी ले रहे है। गांव में किसी भी विवाद को सुलझानें, गांव के विकास में निर्णय लेने तथा जमीन संबंधित मामलों में पटेलों की भूमिका अहम होती है। परन्तु यहां तो पटेल ही अतिक्रमण कर शासन को लाखों रुपये का चूना लगानें में लगें हुए है। नवीन अग्रवाल ने बताया मुरमुंदा के ग्राम पटेल शेखू दास साहू के द्वारा मेन चौक में अपनी जमीन से लगी हुई सरकारी जमीन पर अवैध रूप से व्यवसायिक कांप्लेक्स का निर्माण करने की शिकायत मुझे प्राप्त हुई कि मुरमुंदा मेन चौक की जमीन का मार्केट रेट प्रति डिसमिल ढाई लाख रुपये है और शासन को आठ से दस लाख रुपये की चपत लगाई जा रही है। शासन द्वारा नियुक्त जिम्मेदार पद पर बैठे पटेल शेखू दास साहू द्वारा यह कृत्य किया जा रहा है एक तरफ भूपेश सरकार अवैध रूप से जमीन पर कब्जा करने वालों पर कार्यवाही करने की बात करती है और दूसरी ओर उनके नाम से धौंस देकर उनके नुमाइंदे सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं ग्राम पटेल शेखू दास साहू के द्वारा कहा जाता है कि मुझे राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, इसलिए मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

### नाली निर्माण के दौरान मुआवजा भी सरकार से ले लिया

ग्राम पटेल ने इसके पहलें भी शासन को गुमराह करके सरकारी पैसों का लाभ लिया है। सड़क निर्माण के बाद जब नाली निर्माण हुआ तब सड़क किनारें रहनें वालें लोगों की जमीन प्रभावित हुई। शासन ने उन्हें प्रभावित जमीन के आधार पर मुआवजा भी दिया। तब भी ग्राम पटेल ने अपनी निजी जमीन के दस्तावेज लगाकर अवैध रूप से सरकारी जमीन को अपना बता कर सरकार से मुआवजा ले लिया है। जबकि नाली का निर्माण सरकारी जमीन में हुआ है। इस तरह से नाली निर्माण की आड़ में लाखों रुपये का लाभ पहलें भी पटेल द्वारा ले लिया गया है।

### शिकायत करनें की तैयारी, होगा शेखू साहू की जमीन का सीमांकन

नवीन अग्रवाल के द्वारा बताया गया की ग्राम पटेल के पद पर रहते हुवे शेखू दास साहू द्वारा किए जा रहे सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत एसडीएम कलेक्टर कमिश्नर राजस्व मंत्री व मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री से शिकायत पत्र के माध्यम से की जाएगी। जब मामले की जानकारी के लिए ग्राम मुरमुन्दा पहुंचा गया और गांव वालों से बात की गई जिसमें गांव के ग्रामीणों ने भी मामलें की मौखिक शिकायत मीडिया में की है और अब लिखित रूप से शिकायत करने की बात गांव के लोगो द्वारा की जा रही है। शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा करनें को लेकर तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर, कमिश्नर व मुख्यमंत्री तथा मुख्य सचिव से शिकायत किया जाएगा। क्योंकि शासन द्वारा ( शेखू साहू) पटेल को शासकीय मानदेय भी दिया जा रहा है और शासकीय जमीन पर व्यवसायिक लाभ लेने के लिए कब्जा उनके ही द्वारा किया जा रहा है। जल्द ही मामलें में शिकायत के बाद जमीन का सीमांकन भी किया जाएगा। अब आगे यह देखना है कि शासन प्रशासन द्वारा गरीब निर्धन लाचार लोगों का ही बेजा कब्जा हटाया जाता है या फिर सरकार के द्वारा सरकारी पद पर बैठाए गए कर्मचारियों के द्वारा किए गए बेजा कब्जा को हटाने के लिए तोड़ फोड़ की कार्रवाई होगी कि नहीं साथ ही अवैध रूप से सरकारी जमीन पर कब्जा कर सरकार को लाखों का चूना लगाने वाले ग्राम पटेल को उसके पद से कार्य मुक्त कराने की शासन प्रशासन से गुजारिश की जाएगी।

## एक नजर

### छाया वर्मा ने उतारी श्रीराम की आरती



**तिल्दा-नेवरा, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार विधानसभा के ग्राम पंचायत मोहगांव में आयोजित रामलीला प्रतियोगिता कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा उपस्थित हो कर प्रभु श्रीराम चंद्र की पुजा अर्चना कर समस्त क्षेत्रवाशियो के सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही ग्राम वासियों को संबोधित किया गांव में पूर्व राज्य सभा का जोरदार स्वागत किया गया।

### सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाई परशुराम जयंती



**तिल्दा-नेवरा, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भगवान परशुराम जी के जयंती अवसर पर सर्वब्राम्हण समाजद्वारा आयोजित बाईक रैली, , नगर में आयोजित जयंती कार्यक्रम एवं तिल्दा-नेवरा में अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज द्वारा आयोजित परशुराम जी के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में विधायक शिव रतन शर्मा सम्मिलित हुए। शौर्य, पराक्रम और सत्य के प्रतीक भगवान परशुराम जी के मार्ग में चलने का समाज से अनुरोध किया। साथ ही रायपुर ग्रामीण के विधायक सत्य नारायण शर्मा विधायक प्रमोद शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया सहित अन्य वरिष्ठ जन पार्षद कष्णा। शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे। लोकार्पण के वक्त परशुराम जी की मूर्ति के पूजा कर मंत्रोचार के साथ लोकार्पण किया गया। इस बीच शोभा यात्रा व लोकार्पण के वक्त बारिश जारी थी।



**तिल्दा-नेवरा, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम कुंदरु (कालोनी क्षेत्र) विकास खंड तिल्दा में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में जिला पंचायत उपाध्यक्ष टंक राम वर्मा शामिल हुए।



**तिल्दा-नेवरा, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वि.खं तिल्दा के ग्राम हथबंद (टंडवा) में एक कुंडिय गायत्री यज्ञ में शामिल हो पूजा अर्चना करते हुए जिला पंचायत रायपुर के उपाध्यक्ष टक राम वर्मा।

### डोंगरगढ़ रेल्वे के विकास के लिए भाजपा ने हमेशा निभाई है भागीदारी: परविंदर

**डोंगरगढ़, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डोंगरगढ़ रेलवे का इतिहास अंग्रेजो के जमाने से ही गौरवशाली रहा यहा रेल्वे के पास लगभग सवा लाख स्क्वायर मीटर भूमि अतिरिक्त पड़ी हुई है जहा बिलासपुर जॉन में दूसरी सबसे अधिक भूमि रेल्वे के पास है, यहां पर रेल्वे के पास भाप इंजन का लोको शेड था, पार्सल कार्यालय एवम अन्य विभागों को मिलाकर कर्मचारियों की संख्या लगभग 4000 के आसपास थी, जिसे कांग्रेस के विगत कार्यकालो में धीरे धीरे खत्म करने के कगार पर लाकर रख दिया था और ज्यादातर सुविधाएं जिसे या तो बंद कर दिया या गोंदिया (महाराष्ट्र) में शिफ्ट कर दिया गया था, कांग्रेस के कार्यकाल में नाम मात्र एक्सप्रेस ट्रेनों का ही स्टॉपेज था। डोंगरगढ़ से कोटा रेल लाइन जो केंद्र सरकार और तत्कालीन भाजपा की राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति दी गई थी जो वर्तमान कांग्रेस राज्य सरकार की उदासीनता के कारण आज साढ़े 4 साल बाद भी शुरू नही हो पाई। सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने अपनी सरकार की उपलब्धियां भी गिनवाई।

### सहकारी समितियों से वर्मी कम्पोस्ट का वितरण जारी

# किसानों से अग्रिम उठाव करने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 23 अप्रैल।** जिले के सहकारी समितियों में 1 अप्रैल से किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण एवं कृषि आदान जैसे बीज, उर्वरकों का वितरण आरंभ हो चुका हैं उप संचालक कृषि जोसेफ टोप्पो ने बताया कि जिले में यूरिया 7197, सुपर फास्फेट 1830, डी.ए.पी. 8156, पोटाश 672, एन.पी.के. 1790, मीट्रिक टन तथा पर्याप्त मात्रा में वर्मी कम्पोस्ट का भण्डारण किया गया है। सहकारी समितियों में किसानों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित कीमत पर यूरिया का 266.66 रूपये, डी.ए.पी. 1350 रूपये, एन.पी. के. 1470 एवं पोटाश 1700 रूपये प्रति बैग की दर से वितरण किया जा रहा है। विगत वर्षों में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कारकों के कारण उर्वरक आपूर्ति बाधित हुई थी। इसको ध्यान में रखते हुए किसानों को अग्रिम उठाव करने के अपील की गई है। खरीफ मौसम के निकट आते ही खाद की मांग बढ़ जाने के कारण उर्वरक की आपूर्ति प्रभावित होती है।

**खरीदी की रसीद जरूर लें ताकि रूके कालाबाजारी:** किसानों से आग्रह किया गया है कि वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की आपूर्ति हो रही है एवं आसानी से खाद उपलब्ध है। समस्याओं से बचने के लिए अग्रिम उठाव अवश्य करें। शून्य प्रतिशत ब्याज दर होने के कारण अग्रिम उठाव करने पर भी कोई अतिरिक्त राशि देना नहीं पड़ेगा। सहकारी समितियों के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट खाद का वितरण कृषकों को किया जा रहा है।

### आवेदक फर्जी फोन कॉल से रहे सावधान, तत्काल पुलिस को करे सूचित

**बलौदाबाजार, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिलें में चल रहे स्वास्थ्य विभाग के भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत आवेदकों से पैसे मांगने संबंधित फर्जी फ़ोन कॉल आने की गंभीर शिकायत आवेदकों द्वारा की गयी है। जिस पर कलेक्टर रजत बंसल एवं एसपी दीपक झा ने सभी आवेदकों से फ्रॉड कॉल से बचने कहा है। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की आवश्यक जानकारी फोन से साझा नही करने कहा गया है। ऐसे कॉल आते ही आवेदक अनिवार्य रूप से अपने नजदीकी पुलिस थाना में जाकर शिकायत दर्ज कराएँ एवं संबंधित विभाग को भी अवगत कराएं। भर्ती प्रक्रिया के बारे में अधिकृत जानकारी केवल जिले के वेबसाइट, विभाग की वेबसाइट, विभाग की सूचना पटल एवं जनसम्पर्क विभाग के द्वारा समय-समय पर जारी समाचार से ही दी जाती। सभी आवेदक नियमित रूप से जिले की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बलौदाबाजार डॉट जीओवी डॉट इन का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें। भर्ती प्रक्रिया के बारे में किसी भी तरह की अन्य जानकारी प्राप्त करने सीधे संबंधित विभाग के जिला कार्यालय में जाकर प्राप्त कर सकते हैं।

# सेन समाज की शोभायात्रा का कई जगह स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 23 अप्रैल।** सेन समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी जहा विभिन्न लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया इसके पूर्व सेन समाज के द्वारा बाइक रैली भी निकाली गई जोकि विभिन्न जगहों में अन्य समाजों के द्वारा स्वागत किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सतीश अग्रवाल (सदस्य निगम मंडल छत्तीसगढ़ शासन) एवं विशिष्ट अतिथि सुरेश वर्मा (प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़), शामिल हुए, इस मौके पर सतीश अग्रवाल व सुरेश वर्मा ने सेन समाज के लोगों को से महाराज जी की जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। उपस्थित लोगों को सतीश अग्रवाल जी ने संबोधित करते हुए कहा कि हर कार्य में सेन समाज के लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है उन्होंने समाज के लोगों से पढ़ लिख कर आगे बढ़ने और अपने बच्चों को आगे बढ़ाने की अपील की, साथ ही समाज के गौरवशाली इतिहास की चर्चा की, सेवा भाव के साथ हर समाज के सुख दुख जन्म विवाह, अंतिम संस्कार के कार्य आपके बिना नहीं होते, समाज में प्रतिभा की कमी नहीं है नई पीढ़ी को बेहतर शिक्षा दें अग्रणी बनाएं समाज के उन्नति प्रगति के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की इस कार्यक्रम में पूर्व सर्व सेन समाज प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र शंकर सेन, विनोद सेन प्रदेश अध्यक्ष सर्व सेन समाज, प्रदेश अध्यक्ष रायपुर महासंघ के अध्यक्ष राधेश्याम सेन, चंदन सेन सचिव कांग्रेस कमेटी भाटापारा, जिला उपाध्यक्ष सैलून संघ पूर्व अध्यक्ष मनोज सेन, रोहित सेन, भोला सेन, सरवन सेन, छवि सेन, बोधन सेन, सोशल मीडिया प्रभारी ईश्वर सेन, विनोद सेन, केदार मिश्रा एवं बड़ी संख्या में समाजिकजन व समस्त सैलून के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गौरीशंकर अग्रवाल ने बैठक में एक-एक बूथ की समीक्षा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 23 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आज नगर भवन पलारी में कसडोल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर बैठक का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने बूथ अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रभारियों से एक एक बूथ के कार्यो की समीक्षा की गई एवं कमजोर बूथ को और अधिक सशक्त एवं मजबुत बनाने का आह्वान किया गया।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पार्टी के जनप्रतिनिधियों से आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा की सरकार एवं कसडोल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से पार्टी के गतिविधियों की जानकारी ली। आज के इस बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल प्रदेश भाजपा कोर कमेटी के सदस्य पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, जिला प्रभारी मोतीराम चंद्रवंशी सह प्रभारी छगनलाल मूंदड़ा, कसडोल विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ अजय राव, टेसूलाल धुरंधर, जिला भाजपा के अध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े जिला अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश चंद्राकर, पूर्व विधायक मनाराम घृतलहरे, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल, तेजराम वर्मा, जिला महामंत्री कृष्ण अवस्थी, जिला मंत्री राजकुमार साहू, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री खुशबू बंजारे, जिला कोषाध्यक्ष सेवक राम वर्मा, लवन मंडल प्रभारी विजय केसरवानी, कसडोल मंडल प्रभारी गिरधारी वर्मा नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा, महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुलोचना यादव, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री प्रशांत यादव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि ध्रुव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद गुलाम गौस, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, युवा मोर्चा के जिला मंत्री अनुपम बाजपेई, पलारी मंडल अध्यक्ष नंद कुमार वर्मा, दक्षिण पलारी मंडल अध्यक्ष महेंद्र साहू, लवन मंडल अध्यक्ष विजय यादव, कसडोल मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, जिपं सदस्य भुवनेश्वरी तिलक वर्मा दक्षिण पलारी लवन कसडोल के भाजपा कार्यकर्ता गण जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### बाल विकास विभाग व पुलिस की टीम ने गांव पहुंच बालविवाह रुकवााया

**तिल्दा नेवरा, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा ब्लाक के एक गाँव मे बाल विवाह कार्यक्रम किये जाने की तैयारी चल रही थी जिसका सूचना मेरी संज्ञान में दी गई जिसे देखते हुए मैने तत्काल महिला बाल विकाश की टीम को इसकी सूचना मेरी द्वारा दी गई और साथ खरोरा पुलिस की टीम के संयुक्त सभी के सहयोग से इस बाल विवाह के कार्यक्रम को रुकवाया गया और उस बच्ची आगे पढ़ने को कहा गया और 18 साल के बाद ही शादी करने कहा समझाईस दी गई साथ ही अगर लुक छुपकर शादी कराई जाती है तो शादी में आये हुए सभी के ऊपर कार्यवाही की जायेगी इसकी भी जानकारी दी गई शादी रुक जाने पर बच्ची खुश होकर मै आगे पढ़ाई करूँगी और आर्मी अफ्सर बनेगी कहकर बहुत खुश हुई और हम सभी को धन्यवाद दिया गया बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष मति आशा यादव के इस कार्य की भूरी भूरी प्रसनता वुक्त की जा रही है वैसे भी मति यादव बालको बालिकाओं के विकास के लिय लगातार सक्रिय है।

### समर कैंप में बच्चों के बनाए माडल का प्रदर्शन



**तिल्दा नेवरा, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रियदर्शिनी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी/ हिंदी माध्यम विद्यालय तिल्दा नेवरा में चल रहे समर कैंप में विज्ञान, गणित,कला प्रदर्शनी , पुस्तक मेला के साथ साथ प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा बनाएं गए विभिन्न विषयों पर आधारित रोचक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया, महिला सशक्तिकरण पर आधारित बहुत सुंदर नुक्कड़ नाटक का मंचन हुआ साथ ही विद्यालय के सभी कक्षाओं में प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया । विद्यालय द्वारा समर कैंप में बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट, जुंबा डांस,मेंटल मैथ्स, हैंडराइटिंग,ड्राइंग, पेंटिंग आदि पर विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है,जो बच्चों के कौशल विकास में सहायक है। संस्था के प्राचार्य श्री दुष्यंत सोनी के द्वारा बच्चों को नियमित रूप से इसी तरह नवाचारों के माध्यम से सीखने हेतु प्रेरित व उत्साहवर्धन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशा संतोष यादव सदस्य बाल संरक्षण आयोग, लेमिक्षा गुरु डहरिया अध्यक्ष नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा, बीएल देवांगन विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मिंज सर सहायक संचालक, संतोष शर्मा बीआरसीसी, आर्य सर एबीईओ तिल्दा, शैलेंद्र डहरिया समन्वयक आदि उपस्थित रहे।

### 9 लीटर देशी मदिरा मसाला शराब, प्लेन शराब, एवं गोवा विस्की शराब के साथ आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



**बलौदाबाजार, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार पुलिस शराब की अवैध तस्करी करने के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 133/23, 134/23 धारा 34(1)ब आब. एक्ट एवं 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही किया गया। आरोपियों के नाम जेश प्रजापति पिता राम कुमार प्रजापति (40) भगवती वर्मा पिता धनेश वर्मा (36) कार्तिकराम वर्मा पिता बुधराम वर्मा (49) है। मामला इस प्रकार है कि 21 अप्रैल को मुखबीर सुचना पर हमराह स्टाफव गवाह के रिसदा रोड काली मंदिर के पास बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलोदा बाज़ार में रेड कार्यवाही किया जो मौके पर आरोपी आरोपी राजेश प्रजापति पिता राम कुमार प्रजापति से सफेद बोरी के थैला अंदर रखे 12 पाव देशी मदिरा मसाला शराब कुल 2.160 बल्क लीटर किमती 1300 रूपये एवं शराब बिक्री रकम 200 रूपये बरामद हुआ जिसे जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1)बआबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। तथा दुसरी ओर आज दिनांक 21.04.2023 को जरिये मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम रवान में भगवती वर्मा अपने मोटर सायकल पैशन प्रो ष्टत्र04 चाछ्व 0285 काला कलर में पीछे कर्तिक राम वर्मा को बैठाकर मोटर सायकल के बीच में अधिक मात्रा में शराब रखकर बिक्री हेतु ले जा रहा है मुखबीर के बताये हुलिया व्यक्ति से पुछताछ करने पर अपना नाम मोटर सायकल चलाने वाले अपना नाम भगवती वर्मा पिता धनेश वर्मा उम्र 36 वर्ष तथा पीछे बैठे व्यक्ति अपना नाम कार्तिकराम वर्मा पिता बुधराम वर्मा उम्र 49 वर्ष साकिनान रवान थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार का होना बताये। आरोपी भगवती वर्मा के कब्जे से एक मोटर सायकल काला कलर पैशन प्रो क्रमांक ष्टत्र04 चाछ्व 0285 एवं आरोपी कार्तिक राम वर्मा के कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी में 20 पाव देशी प्लेन शराब कुल 3.600 बल्क लीटर एवं 10 पाव देशी मशाला शराब प्रत्येक में 180 स्रूभरी हुई कुल 1.800 बल्क लीटर एवं 11 पाव गोल्डन गोवा व्हीस्की शराब कुल 1.980 बल्क लीटर भरी हुई कुल 7.380 बल्क लीटर एवं जुमला किमती 4020 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपीगण के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

07721-233326, Email-npalika_tilda@yahoo.in

क्रमांक/256/लो.नि.वि./न.पा./2023-24 तिल्दा-नेवरा, दिनांक 20.04.2023

### मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा सीमांतर्गत राज्य प्रवर्तित योजनान्तर्गत तालाब गहरीकरण कार्यों का प्रथम चरण निविदा हेतु लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से तीन लिफाफे पद्धति से शासकीय पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से उल्लेखित तिथि तक बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 09.05.2023 समय 05:00 बजे तक।
निविदा प्रपत्र प्रदान करने की अंतिम तिथि - 11.05.2023 समय 05:00 बजे तक।
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 16.05.2023 समय 03:00 बजे तक।
निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 16.05.2023 समय 04:00 बजे से।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 07 जूना पैठू तालाब में पानी निकासी एवं गहरीकरण कार्य। (प्रथम चरण) | 9.54 | 750/- | 02 माह |
| 2 | वार्ड क्र. 07 मोहभट्ठा पारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 4.00 | 750/- | 04 माह |

बंद लिफाफा में प्राप्त निविदाएं उसी उल्लेखित तिथि को उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जावेगी। अन्य आवश्यक जानकारी लोक निर्माण शाखा से निविदा तिथि के एक दिवस पूर्व तक देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

